



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 14, अंक - 68 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 21 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर...

### रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद की खोद डाले 40 कब्र, हो रहा अवैध रूप से रेत खनन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में अवैध रेत खनन कर रहे माफिया लाशों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। रेत माफियाओं की जेसीबी शवों पर भी चलने लगी है। हालात यहां तक हो गए हैं कि सीतामढ़ी रेत घाट से करीब 40 कब्रें गायब हैं। कई कब्रें जर्जर हो गई हैं और गिरने की स्थिति में हैं। ऐसा तब हो रहा है, जब घाट पर खनन पूरी तरह से बंद है। आरोप है कि खनन विभाग और पुलिस को सब पता है, इसके बावजूद उन्होंने आंख बंद कर रखी है। तस्वीरें उनकी अमानवीयता की कहानी को बयान कर रही हैं।

दरअसल, जब लोग अपने परिजनों की कब्र पर पहुंचे तो हैरान रह गए। सीतामढ़ी घाट किनारे कई लोगों के परिजनों की कब्रें जर्जर हो चुकी थीं। कई कब्रों का तो पता ही नहीं था। धीरे-धीरे बात फैली तो अन्य लोग भी अपने परिजनों की कब्र देखने के लिए पहुंचे। पता चला कि घाट से 30 से 40 कब्रें गायब हैं। कई कब्रें रेत के टीले पर लटक रही थीं, तो कई से शव तक बाहर आ गए थे। लोगों ने देखा कि घाट पर अवैध रूप से जेसीबी लगाकार रेत खनन किया जा रहा है। रेत घाट पर खनन और अपने परिजनों की कब्रों की हालत देखकर लोग आक्रोशित हो गए। सूचना मिलने पर वार्ड पार्षद भी पहुंच गए। लोगों ने विरोध शुरू किया तो रेत तस्कर ट्रैक्टर लेकर भाग निकले। इसके बाद सभी लोग कोतवाली पहुंचे और शिकायत देकर मामला दर्ज कराया। लोगों का कहना है कि रेत माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने घाट का गेट तक तोड़ दिया है। नदी से रेत चोरी करते-करते किनारे घाट तक आ गए हैं। उनके पूर्वजों की कब्र तक नहीं छोड़ रहे।

स्थानीय निवासी ऋषभ गिरी गोस्वामी ने बताया कि उसके पिता की मौत हुए 10 साल हो गए हैं। जहां उनकी कब्र बनाई गई थी, वहां से कुछ दिन पहले ही रेत तस्करों ने खुदाई कर कब्र को ही गायब कर दिया है। उससे वे काफी दु:खी है। उनका कहना है कि हर साल वे अपने परिजनों की समाधि पर पूजा पाठ करने जाते थे। वहीं वार्ड पार्षद सुफल दास मंहत ने चेतावनी दी है कि रेत तस्करों के खिलाफ अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो कोतवाली का घेराव किया जाएगा।

# कोरोना के कहर से तबाह चीन, दुनियाभर में भी बढ़ने लगे मामले, 7 दिन में 36 लाख केस, 10 हजार मौतें

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चीन समेत दुनिया के तमाम देशों में कोरोना ने फिर पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। दुनिया में पिछले एक हफ्ते में कोरोना के 36 लाख मामले सामने आए हैं। वहीं इन 7 दिनों में 10 हजार लोगों की मौत हुई है। चीन के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील और जापान में बहुत तेजी से केस बढ़ रहे हैं। दुनियाभर में बढ़ रहे कोरोना के केसों के चलते भारत सरकार ने भी कोरोना पर एक समीक्षा बैठक बुलाई है।

पिछले 7 दिनों में दुनियाभर में कोरोना के 3,632,109 केस सामने आए हैं। अकेले जापान में 1055578 केस मिले हैं. वहीं, दक्षिण कोरिया में 460,766, फ्रांस में 384184, ब्राजील में 284,200, अमेरिका में 272,075, जर्मनी में 223,227, हॉन्गकॉन्ग में 108577, चीन के पड़ोसी ताइवान में 107381 केस मिले हैं।



### पिछले 7 दिन में 10 हजार की मौत

जापान में कोरोना से पिछले 7 दिन में 1670 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा अमेरिका में भी 1607 लोगों ने अपनी जान गंवाई है. वहीं दक्षिण कोरिया में 335, फ्रांस में 747, ब्राजील में 973, जर्मनी में 868, हॉन्गकॉन्ग में 226, ताइवान में 203, इटली में 397 लोगों की मौत कोरोना से हुई है।

### पिछले 24 घंटे में कहां कितने केस?

पिछले 24 घंटे की बात करें तो अमेरिका में 22578 केस मिले हैं। वहीं जापान में 72297 केस, जर्मनी में 55016 केस, ब्राजील में 29579 केस, दक्षिण कोरिया में 26622 केस मिले हैं। फ्रांस में पिछले 24 घंटे में 8213 केस सामने आए हैं। ताइवान में 10359 और रूस में 6341 केस मिले हैं। वहीं, कोरोना से मौत की बात करें, तो अमेरिका में पिछले 24 घंटे में 140, फ्रांस में 178, जर्मनी में 161, ब्राजील में 140, जापान में 180 लोगों ने कोरोना से अपनी जान गंवाई है।

### चीन में कोरोना से हाहाकार

चीन में कोरोना का कहर जारी है। चीन में हालात कंट्रोल से बाहर जाते दिख रहे हैं। यहां तेजी से मामले बढ़ रहे हैं। लेकिन चीन ने एक बार फिर कोरोना के आंकड़ों को छिपाना शुरू कर दिया है। उसकी ओर से कोई आंकड़े जारी नहीं किए जा रहे हैं। हालांकि, सोशल मीडिया के जरिये आ रही तस्वीरों में चीन में कोरोना का विस्फोट दिख रहा है। अस्पतालों में बेड की कमी हो गई है। मरीजों का इलाज फर्श पर लेटाकर किया जा रहा है। डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफकी कमी के साथ साथ दवा पर भी संकट गहराने लगा है। बुखार और सिरदर्द की कई जरूरी दवाएं चीन में आउट ऑफस्टॉक हो गई है। हर रोज सैकड़ों लोग दम तोड़ रहे हैं। दावा ये भी किया जा रहा है कि कब्रिस्तानों में अंतिम संस्कार के लिए वेटिंग चल रही है। वहीं, विशेषज्ञों का दावा है कि चीन में 2023 में कोरोना विस्फोट हो सकता है। यहां लाखों लोगों की मौत हो सकती है।

# कुम्हारी फ्लाईओवर बंदः आने जाने में बढ़ी लोगों की परेशानियां लिखित आदेश के बाद खुलेगा ब्रिज-रॉयल इंफ्रा कंस्ट्रक्शन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नेशनल हाइवे-53 में कुम्हारी फ्लाई ओवर ब्रिज को अधूरे काम को पूर्ण करने के लिए बिना पूर्व सूचना के अचानक मंगलवार को आवाजाही बंद कर दी गई। जिसके कारण कुम्हारी में दिन भर जाम लगा रहा। हालांकि ट्रैफिक जवान व्यवस्था बनाने में लगे हैं। दुर्ग से रायपुर आने जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम में फंसे लोगों का कहना है कि अगर पहले से सूचना दी जाती तो वे रोज निकलने वाले समय से पहले निकलते या किसी और रूट से आवाजाही करते। अचानक बंद करने से वे जाम में फंस गए। लोगों ने कहा कि काम के लिए आवाजाही बंद करना जरूरी है तो बंद किया जाए पर इसकी सूचना पहले दे देनी चाहिए। कुम्हारी ब्रिज के दोनों तरफसर्विसलेन काफी संकरी है। इसके कारण वहां कभी भी जाम लग रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था को सभांलने के लिए 16 जवानों को लगया गया है। ये जवान बीएमसी, बैंक ऑफबडौदा और दोनों तरफ स्टेशन चौक की व्यवस्था को सभांल रहे हैं। एनएच व पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर ने बताया कि ट्रैफिक दवाब को ध्यान में रखते हुए एक तरफ फ्लाई ओवर ब्रिज को खोला गया था, लेकिन उस ब्रिज पर गैप की फिलिंग नहीं हो पाई थी। गैप भरने के लिए ब्रिज को बंद करना पड़ रहा है।

### सप्ताह भर के लिए बंद रहेगा ब्रिज

दुर्ग से रायपुर आवाजाही करने वाले उक्त समय पर वैकल्पिक रास्ता से भी आना जाना कर सकते हैं। निर्माण कंपनी रॉयल इंफ्रा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी ने बताया कि निर्माण कार्य के चलते पूरे सप्ताह भर के लिए ब्रिज को बंद करने का निर्णय लिया गया। कंपनी ने यह भी कहा कि जब तक प्रशासन से लिखित में आदेश नहीं मिलेगा तब तक हम ब्रिज को नहीं खोलेंगे। ब्रिज के दोनों साईड में पूरी तरह बेरिकेटिंग कर ब्रिज के रास्ते को बंद कर दिया गया है।



"मंगलवार की रात को सूचना दी गई। सर्विसलेन पर व्यवस्था को सभांलने 16 जवानों को लगाया गया है, ताकि जाम न लगे। सात दिन के लिए बंद रखा जाएगा।

**सतीश ठाकुर, डीएसपी ट्रैफिक**

# हैंड ड्रिल गले में घुसाकर युवक की हत्या, बिस्तर पर मिली खून से सनी लाश



श्रीकंचनपथ न्यूज



**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर में एक युवक की नृशंस हत्या कर दी गई। लकड़ी की बनी हैंड ड्रिल से युवक का गला छेद दिया गया। इससे उसकी मौत हो गई। युवक का खून से लथपथ शव उसके बिस्तर पर पड़ा मिला। हत्या का पता मंगलवार को चला जब युवक के परिजन घर पहुंचे। सूचना मिलने पर एसएसपी डी. रविशंकर सहित पुलिस अफसर मौके पर पहुंच गए। मामला कोतवाली क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, भागलपुर बरटोली निवासी आशीष भगत (34) पुत्र संजू भगत सोमवार को घर में अकेला था। परिजन किसी काम से बाहर गए हुए थे। जब वे मंगलवार को लौटे तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ था। इस पर वह आशीष के कमरे में पहुंचे तो खून से लथपथ शव बिस्तर पर पड़ा था। ऐसे में आशंका है कि सोमवार देर रात किसी ने उसकी हत्या की है। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई।

पुलिस को मौके पर लकड़ी का हैंड ड्रिलर मिला है। युवक के गले में घाव है। ऐसे में आशंका है कि उसी से युवक की हत्या की गई है। पुलिस ने हैंड ड्रिलर को जब्त कर लिया है। वहीं युवक के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। पुलिस ने मकान के क्षेत्र को सील कर तलाशी ली है। मौके पर एडिशनल एसपी उमेश कश्यप, एसडीओपी राजेन्द्र सिंह परिहार समेत फोरेंसिक टीम पहुंच गई थी।

एसएसपी डी. रविशंकर ने बताया कि आशीष भगत शराबी और झगड़ालू प्रवृत्ति का था। शराब पीने के लिए घर में अक्सर पैसे मांगने के लिए मां-बाप से झगड़ता रहता था। घटना जघन्य है और मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया है। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक जांच टीम मौके पर है। घटना से जुड़े हर पहलू पर जांच की जा रही है। फिलहाल अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज किया गया है।

# परसा कोल ब्लॉक खनन परियोजना पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा-विकास के रास्ते में न आएं

### सरकार की नीतियों पर रोष जताते हुए आंदोलन तेज करने की बात

**अंबिकापुर/दिल्ली ( एजेंसी )।** सरगुजा में हसदेव अरण्य स्थित परसा कोल ब्लॉक खनन परियोजना पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि विकास के रास्ते में न आएं। वहीं परियोजना का विरोध कर रहे लोग फिर से एकत्र हो गए। उनके आंदोलन के 275 दिन पूरे हो गए हैं। ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों पर रोष जताते हुए आंदोलन तेज करने की बात कही है।

### लंबित याचिकाओं को खनन के खिलाफ नहीं माना जाएगा

दरअसल, परसा कोल ब्लॉक के आदिवासी भू-विस्थापितों ने शुक्रवार को याचिका दायर की थी। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच में सुनवाई हुई। बेंच ने किसी भी तरह की अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि, परसा कोयला ब्लॉक के लिए भूमि अधिग्रहण को चुनौती देने वाली लंबित याचिकाओं को खनन के खिलाफ किसी भी तरह के प्रतिबंध के रूप में नहीं माना जाएगा।

### कोर्ट ने कहा- हम अंतरिम राहत देने से इनकार करते हैं

बेंच ने कहा कि, 'हम विकास के रास्ते में नहीं आना चाहते हैं और हम इस पर बहुत स्पष्ट हैं। हम कानून के तहत आपके अधिकारों का निर्धारण करेंगे लेकिन विकास की कीमत पर नहीं।' कहा कि, 'अंतरिम राहत से इनकार किया जाता है। हम स्पष्ट करते हैं कि इन अपीलों का लंबित रहना परियोजना के रास्ते में नहीं आएगा। कोर्ट अपीलकर्ताओं की ओर से तर्कों में ठोस पाता है तो क्षतिपूर्ति के लिए निर्देशित किया जा सकता है।




### स्वीकृति रद्द होने तक जारी रहेगा आंदोलन

वहीं हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक उमेश्वर आर्मो ने कहा कि राज्य सरकार ने परसा खदान की वन स्वीकृति को निरस्त करने केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को पत्र लिखा है। इसमें जन आक्रोश की बात है, लेकिन फर्जी ग्राम सभा और पर्यावरणीय चिंताओं के कोई उल्लेख नहीं किया। वे स्वयं ही अंतिम वन स्वीकृति निरस्त कर सकते हैं। जब तक सभी खदानें आधिकारिक रूप से निरस्त नहीं कि जाती, आंदोलन जारी रहेगा।

# सरगुजा नरेश ने फिर जताया असंतोष

श्रीकंचनपथ




नेता बन जाना ही अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है. नेता बनते ही व्यक्ति अतिथि, मुख्य अतिथि की कुर्सी को सुशोभित करने लगता है. शिक्षाविदों से लेकर खिलाड़ियों को अपने हाथों से पुरस्कार देता है, सम्मानित करता है और उपदेश भी देता है. काश! इन खिलाड़ियों को कोरा उपदेश देने के बजाय उन्होंने इनसे कुछ सीखा होता. यह बात छत्तीसगढ़ के एक कद्दावर नेता पर अक्षरशः लागू होती है. क्रिकेट देश का राष्ट्रीय खेल तो नहीं पर सर्वाधिक लोकप्रिय खेल अवश्य है. खेल न केवल हमारा मनोरंजन करते हैं बल्कि ये हमें कई संदेश भी देते हैं. क्रिकेट को ही लें तो इसमें मैच जिताने में पूरी टीम का योगदान होता है. एक व्यक्ति मैन ऑफद मैच भी बनता है. पर वह कभी भी यह दावा नहीं करता कि मैच उसकी वजह से जीता गया इसलिए उसे कप्तान बना दिया जाना चाहिए. क्रिकेट ही क्यों, प्रत्येक टीम गेम का एक-एक सदस्य जानता है कि जीत हमेशा टीम की होती है. कोई एक व्यक्ति इसका पूरा श्रेय नहीं ले सकता. कप्तान का चयन क्रिकेट बोर्ड करता है और सभी उसे मान लेते हैं, उसके नेतृत्व में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं. पूर्व कप्तान सामान्य खिलाड़ी बना दिये जाने के बाद भी टीम में अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ खेलते हैं. उसका ईगो कभी भी परफारमेंस के आड़े नहीं आता. यही खेल भावना है. यह भावना आहत हुई तो टीम हार जाती है. क्रिकेट की चर्चा यहां इसलिए भी कि अंबिकापुर जल्द ही टी-20 मैचों की मेजबानी करने जा रहा है.

सरगुजा नरेश को क्रिकेट का शौक भी है. होना भी चाहिए. उन्होंने कई प्रतियोगिताओं की शुरुआत स्वयं चौका-छक्का मारकर की है. उनकी पिछले चुनाव में बड़ी भूमिका रही है, इसे सभी स्वीकार करते हैं. यह भी माना जाता है कि सरगुजा से कांग्रेस इसलिए 14 सीटों पर जीती क्योंकि वहां के लोगों को लगा था कि इस बार मुख्यमंत्री सरगुजा का बनेगा. इस तरह की भूमिका औरों की भी रही होगी. अच्छा है कि ऐसे सभी लोग मुख्यमंत्री की कुर्सी के दावेदार नहीं हैं. वरना साल-साल भर के मुख्यमंत्री बनाने का रिकार्ड भी छत्तीसगढ़ के नाम हो जाता. टीम में रहते हुए टीम के नेतृत्व पर असंतोष व्यक्त करना एक तरह की नासमझी है. इसे अनुशासनहीनता भी माना जा सकता है. यदि वे राष्ट्रीय नेतृत्व की कमजोर स्थिति का नाजायज फायदा उठाकर उसे ब्लैकमेल करने का इरादा रखते हैं, तो यह और भी बुरी बात है. इससे उस सरकार की ही छवि खराब होती है जिसके कि वे मंत्री हैं. उन्हें मुख्यमंत्री से भी कुछ तो सीखना ही चाहिए. मुख्यमंत्री ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कह दिया था कि यदि हाईकमान का आदेश होगा तो वे तत्काल सभी पद छोड़ देंगे. आखिर इन बातों का क्या मतलब कि अगले चुनाव से पहले सरगुजा नरेश अपना भविष्य निर्धारित करेंगे? तो क्या वे गाय-गोबर-किसान की राजनीति से नाखुश हैं?




## संपादकीय

# कोरोना से बेहाल चीन

तीन साल पहले कोविड-19 ने सबसे पहले चीनी शहर वुहान में दस्तक दी थी और तब इसे दुनिया से छिपाकर बीजिंग ने जो अक्षम्य अपराध किया था, उसके लिए इतिहास उसे शायद ही कभी बख्शे, मगर इस समय उसके शहरों में ओमीक्रोन वायरस की नई लहर से जो हालात बने हैं, वे वाकई सिहरन पैदा करने वाले हैं। दुनिया इस दर्द को भोग चुकी है। वहां से जो तस्वीरें या खबरें सामने आ रही हैं, वे बताती हैं कि चीन के अस्पतालों में जगह नहीं मिल रही और शवदाह गृहों के आगे कतारें लगने लगी हैं। ऐसे में, ये ब्योरे उसके उपहास का नहीं, बल्कि गंभीर चिंतन के मुद्दे हैं। हालात की गंभीरता का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि अमेरिका ने विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बीजिंग भेजने का फैसला किया है। यह जरूरी भी है, क्योंकि चीन बहुत सारी सूचनाएं अब भी साझा नहीं कर रहा। पिछले तीन वर्षों में महामारी से मरने वालों की आधिकारिक संख्या वह 5,242 ही बता रहा है, जबकि उसी द्वारा शासित हांगकांग में यह आंकड़ा 11 हजार के ऊपर पहुंच चुका है। दरअसल, 'जीरो कोविड पॉलिसी' के कारण बढ़ते घरेलू असंतोष को बीजिंग ताइवान व भारत के साथ सीमा-विवाद बढ़ाकर भटकाने में जुटा है। कोविड महामारी की वजह से दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही बुरी स्थिति में थी। उससे उबरने की वह आस संजोती, मगर रूस-यूक्रेन युद्ध ने उसे और गर्त में धकेल दिया। इस जंग ने आपूर्ति श्रृंखला को काफी नुकसान पहुंचाया है और अब जब वैश्विक कार्य-व्यापार को पटरी पर लौटाने की कवायद जोर पकड़ने लगी थी, तब एक बार फिर चीन से निराश करने वाली खबरें आनी शुरू हो गई हैं। चीन संसार की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है और उसके पस्त होने का असर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सभी देशों पर पड़ेगा। इसलिए कामना यही की जानी चाहिए कि चीन इस संक्रमण पर जल्द से जल्द नियंत्रण पा ले, क्योंकि इस संक्रमण के दूसरे एशियाई देशों में फैलने से विश्व अर्थव्यवस्था पर बहुत घातक प्रभाव पड़ सकता है। भारत सरकार और हमारे स्वास्थ्य विशेषज्ञ चीन की स्थिति पर गहराई से नजर रखे हुए हैं और यह संतोष की बात है कि व्यापक टीकाकरण अभियान के जरिये 68 प्रतिशत से अधिक लोगों का पूर्ण टीकाकरण करा लिया गया है। लेकिन किसी भी महामारी के जोखिम को कभी भी कम करके नहीं आंकना चाहिए। तब तो और, जब उसकी कई लहरों के आने का अंदेशा हो। इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रोटोकॉल का अनुसरण करने के साथ-साथ सभी एहतियाती बंदोबस्त करने की जरूरत है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व उनके समकालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने शुरू-शुरू में इस वायरस का उपहास उड़ाया था और इसकी बहुत बड़ी कीमत इन दोनों देशों के नागरिकों को चुकानी पड़ी है। कोविड-19 के बाद लोगों के स्वास्थ्य में जो भी बदलाव महसूस हो रहा है, उसके गहन अध्ययन की जरूरत है। यह सर्वविदित है कि दुनिया भर में अस्वाभाविक मौतों का आंकड़ा बढ़ रहा है। हमारे यहां भी जिस तरह से कमउम्र लोगों में दिल का दौरा पड़ने की घटनाएं सामने आ रही हैं, उसके परिप्रेक्ष्य में इस महामारी और टीकों के प्रभाव को आंकने की आवश्यकता है। बीजिंग आज अपनी अपारदर्शिता की कीमत चुका रहा है। दुनिया के देशों को इससे सबक सीखते हुए महामारी संबंधी अपनी अगली तैयारी करनी चाहिए।

> “ हालात की गंभीरता का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि अमेरिका ने विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बीजिंग भेजने का फैसला किया है। यह जरूरी भी है, क्योंकि चीन बहुत सारी सूचनाएं अब भी साझा नहीं कर रहा।

## इस होड़ पर नजर रखें

संकेत हैं कि चीन ने अंतरराष्ट्रीय कारोबार में डॉलर के वर्चस्व के खिलाफ खुली जंग छेड़ दी है। अब देखने की बात यह होगी कि क्या अरब देश इसमें उसका साथ निभाते हैं। ऐसा लगता है कि चीन ने अंतरराष्ट्रीय कारोबार में डॉलर के वर्चस्व के खिलाफ खुली जंग छेड़ दी है। अब देखने की बात यह होगी कि क्या अरब देश इसमें उसका साथ निभाते हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की हाल की सऊदी अरब यात्रा के बाद से ये सवाल चर्चित है कि क्या अरब देश अपने कच्चे तेल के बदले चीन से उसकी मुद्रा युवान में भुगतान स्वीकार करने को तैयार होंगे? अगर अरब देश इस पर राजी हो गए, तो उसका विश्व अर्थव्यवस्था पर दूरगामी असर होगा। पिछले हफ्ते सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अरब नेताओं के साथ अपनी बैठक के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ऊर्जा कारोबार में युवान के इस्तेमाल का प्रस्ताव रखा। ये खबर दुनिया भर में चर्चित हुई। इसलिए कि चीन लंबे समय से विश्व व्यापार पर डॉलर के वर्चस्व को तोड़ने की तैयारी में जुटा रहा है। डॉलर के वर्चस्व का एक प्रमुख पहलू इसका ऊर्जा कारोबार की मुद्रा होना है। अगर यहां युवान या किसी दूसरी मुद्रा ने अपनी जगह बनाई, तो समाचार एजेंसी रॉयटर ने उचित अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि उसका भूकंप जैसा असर होगा।

अरब सम्मेलन में शी जिनपिंग ने कहा कि चीन खाड़ी देशों से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयात करता रहेगा। वह चाहता है कि इस आयात के बदले भुगतान वह युवान में करे। उन्होंने कहा कि इस भुगतान के लिए शंघाई पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस एक्सचेंज प्लेटफॉर्म का पूरा उपयोग किया जाएगा। तेल उत्पादक अरब और खाड़ी देशों का इस बारे में क्या रुख है, यह मालूम नहीं हुआ है। लेकिन ऐसी खबरें हैं कि सऊदी अरब युवान में सेटलमेंट के बारे में चीन के साथ बातचीत कर रहा है। सऊदी अरब दुनिया का सबसे बड़ा तेल निर्यातक है, जबकि चीन उसके तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। सऊदी अरब ने अगर युवान में तेल का कारोबार शुरू कर दिया, तो अनेक विशेषज्ञों की राय है कि उससे दुनिया में डॉलर का वर्चस्व खत्म होने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पश्चिम से प्रतिबंधित रूस और ईरान जैसे देश पहले से ही ऐसा कर रहे हैं।

## बदले बदले दिखे ममता के तेवर

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी के तेवर सचमुच बदल गए हैं। वे पांच दिसंबर को दिल्ली में प्रधानमंत्री की मीटिंग में शामिल हुईं और अब केंद्रीय गृह मंत्री के साथ उत्तर पूर्वी जोनल कौंसिल की बैठक में भी शामिल हुईं। प्रधानमंत्री तक के कार्यक्रमों से दूरी बना कर रखने वाली ममता न सिर्फ अमित शाह के साथ बैठक में शामिल हुईं, बल्कि उनका शानदार स्वागत किया। अमित शाह को पटका पहना कर स्वागत करते और उनका हाथ पकड़ कर बात करती हुई उनकी फोटो जारी हुई। अमित शाह के साथ खाना खाते हुए भी उनकी फोटो जारी हुई।

इतना ही नहीं, बैठक के बाद वे अमित शाह को राज्य सचिवालय नबन्ना के अपने कार्यालय में भी ले गईं। दोनों एक साथ वीवीआईपी लिफ्ट से ममता के कार्यालय में पहुंच और दोनों के बीच कोई 15 मिनट की बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि ममता ने मनरेगा और दूसरे फंड के बकाया पैसे के लिए अमित शाह को कहा। लेकिन यह गढ़ी हुई बात है। हालांकि कौंसिल की बैठक में ममता ने बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र का मुद्दा उठाया और कहा कि राज्य के लोग इससे परेशान हैं। लेकिन उन्होंने अमित शाह के प्रति पूरा सद्भाव दिखाया। पिछले दिनों उन्होंने विधानसभा के नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी को चाय पर बुलाया था और उससे पहले राज्य के कार्यवाहक राज्यपाल रहे भाजपा नेता ला गणेशन के भाई के जन्मदिन के कार्यक्रम में चेन्नई जाकर हिस्सा लिया था।

> “ कुधूर में ग्रामीणों हेतु सिंचाई व्यवस्था हेतु 30 एचपी के सोलर पंप की स्थापना कर तालाब भरकर फैंसिग कर बाड़ी विकास किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 25 एकड़ में सामुदायिक बाड़ी तथा 6 किसानों हेतु व्यक्ति गत 15 एकड़ में बाड़ी विकास किया गया है।

# नक्सल प्रभावित गांव कुधुर में बही विकास की बयार

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदृष्टि सोच और जन हितैषी फैसलों का परिणाम है कि दशकों से नक्सल प्रभावित ग्राम कुधुर में निरंतर विकास की बयार बह रही है। ग्राम कुधुर कोण्डागांव जिले के अंतिम छोर पर मुख्यालय से 50 किलोमीटर की दूरी पर कोण्डागांव, बीजापुर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर के सीमा पर पड़ने वाली अतिसंवदेनशील एवं पहुंचविहिन ग्राम है। गौरतलब है कि ग्राम कुधुर कई दशकों से नक्सली गतिविधियों एवं दुर्गम रास्तों के कारण विकास की मुख्यधारा से पिछड़ता चला गया था। यहां मूलभूत सुविधाओं के लिए भी लोगो को दुर्गम रास्तों से होते हुए नजदीकी तहसील मर्दापाल तक जाना पड़ता था। जिसके चलते यहां आजादी से अब तक बहुत कम विकास हो पाया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार बनते ही राज्य के दूरस्थ वनांचलों के लोगों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए बनाए गए नीतियों के कारण इन क्षेत्रों में लगातार विकास हो रहे हैं।



### धान बेचने हेतु 48 किसानों ने कराया पंजीयन

ग्राम कुधुर के सचिव ने बताया कि गांव के विकास हेतु सड़कों के अभाव में यहां विकास थम सा गया था परंतु पुंगारपाल में कैंप की स्थापना के बाद तहसील मुख्यालय मर्दापाल से जोड़ने वाले दुर्गम क्षेत्र में सड़क निर्माण अब संभव हो सका है। वर्तमान में पुंगारपाल से कुधुर पंचायत भवन तक सड़क निर्माण पूर्ण हो गया है। मध्य में पड़ने वाली भंवरडीह नदी पर पुलिया निर्माण के लिए भी शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जिससे किसानों में हर्ष का माहौल है। जिसे देखते हुए कुधुर पंचायत के 48 ग्रामीणों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें भंवरडीह नदी के दूसरे छोर पर बसे आश्रित ग्राम तुमड़ीवाल के भी 9 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है।

### प्रशासन ने धान परिवहन हेतु की व्यवस्था, समर्थन मूल्य पर पहली बार किसानों ने बेचा धान

कुधुर के दौरे पर 15 अक्टूबर 2022 को पहुंचे कलेक्टर श्री दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग पर नजदीकी धान उपार्जन केन्द्र मर्दापाल तक धान परिवहन हेतु प्रशासन द्वारा सहायता उपलब्ध कराई गयी है। जिससे किसान अपनी फसल का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए उत्साहित हैं। लगातार कृषकों द्वारा पंजीयन कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने नदी पार बसे ग्राम तुमड़ीवाल के किसानों की फसलों को भी उपार्जन केन्द्र तक लाने हेतु नदी में पानी कम होने के साथ बोरी बंधान के माध्यम से परिवहन की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है साथ ही ग्रामीणों की मांग पर कई वर्षो से मृत व्यक्तियों के नाम खाता होने से धान विक्रय से वचिंत किसानों को लाभ देने हेतु नामान्तरण कर पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये थे। जिसपर कुधूर के 46 एवं तुमड़ीवाल के 15 खाताधारकों का नाम खारिज कर परिवार के मुखिया के नाम फौती-नामान्तरण कर पंजीयन किया गया। जिससे अब वे समिति को धान विक्रय कर सकेंगे। अब तक कुधूर के 9 किसान सोन सिंह कश्यप, घस्सूराम, अजम, भोसकू, सुशील, मणीशंकर, प्रेम, दुसेन, सुदन द्वारा 600 क्विंटल धान का विक्रय किया गया है। इन किसानों ने समर्थन मूल्य पर पहली बार धान बेचकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए दूरस्थ ईलाके के किसानों के धान परिवहन हेतु प्रशासन की पहल को सराहनीय निरूपित किया। इन किसानों के अलावा क्षेत्र के अन्य कृषकों द्वारा भी अब धान विक्रय हेतु टोकन प्राप्त किया जा रहा है।

कुधूर में ग्रामीणों हेतु सिंचाई व्यवस्था हेतु 30 एचपी के सोलर पंप की स्थापना कर तालाब भरकर फैंसिग कर बाड़ी विकास किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 25 एकड़ में सामुदायिक बाड़ी तथा 6 किसानों हेतु व्यक्तिगत 15 एकड़ में बाड़ी विकास किया गया है। जिसमें ग्रामीणों द्वारा नगदी फसलों एवं साग-सब्जियों का उत्पादन कर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त की जायेगी। इसके अतिरिक्त ग्राम के विद्युत विहिन चार पारे मोहल्लों में लाइन बिछाकर विद्युतिकरण करने हेतु निर्देश दिये थे। जिसपर विद्युत विभाग द्वारा सर्वे कराकर लाइन विस्तार का कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर द्वारा तुमड़ीवाल के ग्रामीणों की मांग अनुसार विद्युतीकरण के साथ पांच बोर की स्थापना नदी में जल स्तर के कम होने के साथ करने के निर्देश दिये थे, वर्तमान में विद्युतीकरण के लिए विद्युत खंभे नदी तट पर परिवहन कर लिया गया है और अतिशीघ्र विद्युत लाइन विस्तार आरंभ किया जायेगा। तुमड़ीवाल में 8 कृषकों हेतु 8 एकड़ में नदी किनारे फैंसिग कर बाड़ी विकास किया गया है। तुमड़ीवाल को कुधूर से जोड़ने के लिए आज्ञानाला में पुलिया सह चेक डेम निर्माण की भी स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। कुधूर को लोहंडीगुड़ा-जगदलपुर मार्ग से जोड़ने हेतु 6 पुलियों के निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गई है, इन पुलिया निर्माण कार्यो को शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। कुधूर-बारसूर मार्ग में भंवरडीह नदी पर पुल निर्माण कर जिला मुख्यालय से दंतेवाड़ा एवं बारसुर की दूरी 70 किलोमीटर से कम होने तथा ग्रामीणों को लाभ को दृष्टिगत रखते हुए सड़क एवं पुल निर्माण हेतु निर्देशित किया गया था। जिसपर तीव्रगति से कार्य किया जा रहा है। कुधूर में विकास हेतु नवीन ग्राम पंचायत भवन, उपस्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निर्माण किया गया है। निर्माण कार्यो के साथ युवाओं को मनरेगा अंतर्गत कार्य प्रदान किया गया है जिससे युवा भटकाव छोड़ अब विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

# इनसे कौन बचाए चीन को

विभांशु दिव्याल

झल्लन का चेहरा तमतमा रहा था, गुस्से में वह भुजाएं फड़का रहा था। हमें देखते ही बोला, 'बस ददाजू, बहुत हो गया अब हम इसे नहीं छोड़ेंगे, इसकी गर्दन मरोड़ेंगे और जहां-जहां से तोड़ सकेंगे तोड़ेंगे।'

हमने पूछा, 'अबे झल्लन, काहे आपे से बाहर हुआ जा रहा है किस बात पर इतना ताव खा रहा है और किसे तोड़ने-फोड़ने जा रहा है?' झल्लन बोला, 'अरे वही हमारा पड़ोसी जो जब चाहे तब सर उठाए हमारे घर में घुस आता है, हमारे घर की सरहद पर बैठकर हमें खिजाता है, पर हम सोच लिए हैं हम इसे ऐसा सबक सिखाएंगे, ऐसी मार मचाएंगे कि इसके अंजर-पंजर ढीले हो जाएंगे और इसके सारे कस-बल निकल जाएंगे।' हमने कहा, 'झल्लन, दो-तीन बार तो हम भी तेरे घर पर आये हैं, तेरे अड़ोस-पड़ोस में भी नजर घुमाए हैं पर जो तेरे घर में घुसकर तुझे चिढ़ाए ऐसा तो किसी को नहीं पाये हैं।'

झल्लन बोला, 'क्या ददाजू, आप बार-बार खिसक जाते हो एकदम सीधी बात भी नहीं समझ पाते हो। हम अपने मुल्क की बात कर रहे हैं, मुल्क की सरहद की बात कर रहे हैं जहां धृष्ट पड़ोसी जब-तब घुस आता है, सड़कछाप गुंडों की तरह मारपीट कर चला जाता है। अब देखिए, तवांग में भी इसके सैनिक मारपीट कर दिये और हमारे बहादुर जांबाज सैनिकों के हाथों पिटकर चल दिये। अब की बार मुंह दिखाएंगे तो हम उन्हें बीजिंग तक खदेड़ कर आएंगे।' हमने कहा, 'तू तो ऐसे कह रहा है जैसे चीन के सैनिक चीनी से बने हों जिन पर तू पानी के चार-छह छींटे लगा देगा और उन्हें गला देगा। चीन इस समय दुनिया की बहुत बड़ी ताकत है जिसके सैनिकों को कोई यूं ही पीटकर नहीं भगा सकता और अगर पीट भी देगा तो बिना नुकसान वापस नहीं आ सकता।' झल्लन बोला, 'देखिए ददाजू, पुरानी बातें पुरानी हो गयीं जब हमलावर आते थे, हमें पीटकर चले जाते थे लेकिन अब यह हमारे मोदी जी का इंडिया है जो भी हमें आंख दिखाएगा वो आंख निकलवा कर जाएगा और बहुत पछताएगा। हमने कहा, 'झल्लन, तू चीजों को हवा में हांक रहा है उन्हें सही नहीं आंक रहा है। चीन की फौज बहुत बड़ी है जो किसी से



भी टकरा सकती है, किसी का भी किला ढहा सकती है।' झल्लन बोला, 'तो हमारी फौज ने भी चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं। अगर चीन की फौज ज्यादा हाथ-पैर हिलाएगी तो हमारी फौज से तगड़ी मार खाएगी।' हमने कहा, 'झल्लन, तुझे पता है चीन की नौसेना दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है, हम उसके आगे ज्यादा नहीं टिक पाएंगे, हम उसका कितना भी नुकसान कर दें पर ज्यादा नुकसान हम ही उठाएंगे।' झल्लन बोला, 'देखिए ददाजू, चीन की नौसेना, थलसेना, वायुसेना चाहे जितनी ताकतवर हों पर वे हमसे टकराने की जुर्रत करेंगी तो उसकी भारी कीमत भरेंगी और मार खाके सिर्फ हाय हाय करेंगी।' हमने कहा, 'झल्लन, चीन बहुत बड़ी परमाणु शक्ति है उसके पास आधुनिकतम हथियारों का बहुत बड़ा भंडार है, कमजोर हम भी नहीं है पर हम तीन हैं तो वह चार है। अगर लड़ाई हुई तो हम आसानी से नहीं जीत पाएंगे और चाहे हम जितनी ताकत लगा लें ज्यादा नुकसान हम ही उठाएंगे।'

झल्लन बोला, 'कैसी बात करते हो ददाजू, आपने देखा नहीं तवांग में हमने कैसा कमाल कर दिखाया है, चीन को उसकी औकात दिखाकर मार भगाया है।' हमने कहा, 'पर झल्लन, हमारे देश का विपक्ष तो कुछ और कह रहा है, वह सरकार की बात पर भरोसा नहीं कर रहा है, कह रहा है कि चीन हमारी मीलों मील जमीन पर कब्जा कर रहा है, हमें लगातार पीछे धकिया रहा है, हमारे नये-नये इलाके हथिया रहा है।' झल्लन बोला, 'ददाजू, आप बेगैरत विपक्ष की थोथी-झूठी, भारत विरोधी बातों पर ध्यान दोगे या हमारे महान देश के महान नेतृत्व की महान बातों का संज्ञान लोगे। हमने कहा, 'झल्लन, हवा में उड़ान भरना अलग बात होती है और हकीकत से मुठभेड़ करना अलग बात होती है। जो सच्चाई पर परदा डालने की कोशिश करते हैं वे ही देश का बहुत बड़ा नुकसान करते हैं।' झल्लन बोला, 'ददाजू, आप चीन के पक्षकार हो या भारत के पक्षकार हो, हमें तो लगता है कि सारे विपक्षियों की तरह आप भी इस मुल्क के गद्दार हो। हम आपकी तरह नहीं हैं जो चीन से डर जाएंगे और सच्चाई के पीछे जाकर छिप जाएंगे। चीन चाहे जितना ताकतवर हो वह हमारी दहाड़ से मर जाएगा और जिस पहाड़ पर चढ़ा बैठा है वहीं से गिर जाएगा।' हमने कहा, 'तू ये आयं-बांय क्या कह रहा है, किस दहाड़ की बात कर रहा है, हमें तो कहीं सुनाई नहीं दे रही, हमारी चेतना तो किसी दहाड़ का संज्ञान नहीं ले रही।'

झल्लन बोला, 'ददाजू, हमारा पूरा मीडिया दहाड़ रहा है, हमारा हर एंकर चिंघाड़ रहा है, चीन को चेतावनी के साथ-साथ चुनौती उछाल रहा है, अपने न्यूजरूम में बैठे-बैठे चीन की खबर ले रहा है। वह वाक्शक्ति के जो बम-गोली-मिसाइल दाग रहा है उसके आगे चीन के सारे तोप-गोले फुस्स हो जाएंगे और हमारा मीडिया ऐसी ही बहादुरी दिखाता रहा तो अगले चार दिन में हम बीजिंग पर तिरंगा लहराएंगे।'

# मुफ्त की रेवड़ी बनाम गरीबों की मदद

अजय दीक्षित

मानवीय मूल्यों में गिरावट का चरम तब उजागर हुआ जब एक सड़क दुर्घटना में घायल ट्रक चालक की मदद के बजाय लोग ट्रक में भरी सेब की एक हजार से अधिक पेटियां लूट ले गये। चालक चीखता रहा, राहगीर व ग्रामीण सेब की पेटियां लूटते रहे। पंजाब के फतेहगढ़ साहब में जीटी रोड पर स्थित गांव राजेंद्रगढ़ के निकट कार को बचाने के प्रयास में एक सेब से भरा ट्रक पलट गया। घायल चालक व परिचालक प्राथमिक उपचार के बाद लौटे तो देखा कि ट्रक में लदी सेब की पेटियां लूटी जा रही हैं। चालक के अनुसार, ट्रक पलटने से सौ के करीब ही पेटियां बाहर गिरी थी, लेकिन राहगीर व ग्रामीण बारह सौ से अधिक पेटियां लूट ले गये। अमृतसर निवासी चालक जम्मू-कश्मीर से ट्रक में सेब भरकर ओडिशा-झारखंड ले जा रहा था। चालक बार बार ऐसा न करने की दुहाई देता रहा। कहता रहा कि वह मालिक को क्या जवाब देगा। लेकिन किसी ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया। यहां तक कि रास्ते से गुजरते बड़ी गाड़ियों में सवार लोग भी पेटी लूटने का लोभ नहीं त्याग सके। मगर जब किसी राहगीर द्वारा घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला गया तो वह वायरल हो गया। देश ही नहीं, कनाडा-अमेरिका से इस घटना को लेकर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। देश-दुनिया के पंजाबियों ने वीडियो देखकर घटना को शर्मसार करने वाला माना। सभी ने घटना की भर्त्सना की और ट्रक चालक की मदद की पेशकश की। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। सरकार ने भी कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वीडियो में देखे गये लोगों के फोटो सोशल मीडिया पर डालकर लोगों से उनके बारे में सूचना देने को कहा गया। शाम होते-होते लूट में शामिल कुछ लोगों की शिनाख्त की गयी है। यही नहीं, घटना से व्यथित लोग सामने आये और ट्रक चालक के नुकसान की भरपाई के लिये चेक देकर सार्थक पहल की। सवाल उठता है कि क्यों खाते-पीते घरों के लोग मुफ्त का चंदन, घिस रघुनंदन की तर्ज पर सेब की पेटियां लूटने पर आमादा हुए? क्यों उन्हें महसूस नहीं हुआ कि दुर्घटना के शिकार चालक व परिचालक की मदद पहले करनी चाहिए? वह भी उस पंजाब में जहां इस तरह के कृत्य को कभी मान्यता नहीं दी गई। जहां भूखों को खाना खिलाने की समृद्ध परंपरा रही है। ऐसा नहीं है कि ऐसी घटना सिर्फ पंजाब में हुई है, देश के विभिन्न राज्यों से गाहे-बगाहे ऐसी ही घटनाओं के वीडियो वायरल होते रहते हैं। सवाल उन महंगी कार चालकों की नीयत पर भी उठे जिन्होंने कार रोक सेब की पेटियां उठायी और चलते बने। आखिर समृद्ध लोग भी लूट की छूट के खेल में क्यों शामिल हो जाते हैं? यह जानते हुए कि ट्रक चालक एक तरफ तो शारीरिक रूप से घायल हुआ है, दूसरी ओर उसकी नौकरी व साख पर भी आंच आएगी। चालक रोता- गिड़गिड़ाता लोगों से कहता भी रहा कि मैं व्यापारी को क्या जवाब दूंगा? मैं क्या सबूत दूंगा कि मेरा माल चोरी हो गया? मुझे झूठा ठहरा दिया जायेगा। यहां हमें सोशल मीडिया को भी श्रेय देना होगा जिसने लूट के खेल को जगजाहिर कर दिया। अन्यथा जीटी रोड के एक गांव के पास घटी घटना का सच कभी सामने न आता। व्यापारी के कहीं उसने ट्रक का माल किसी दूसरे व्यापारी को तो नहीं बेच दिया। निस्संदेह, ज्यों-ज्यों समाज में प्रलोभन थम नहीं रहा है। यही वजह है कि पंजाब गई। उन्होंने इस घटना को पंजाब की अस्मिता पर हमारी भौतिक उन्नति तब तक सारहीन है जब तक हमारे व्यवहार में मानवीय मूल्य जीवंत नहीं होंगे । इंसानियत का पराभव हमारी गम्भीर चिंता का विषय होना चाहिए। व्यापारी के मन में ट्रक चालक को लेकर शंका जन्म लेती कि कहीं उसने ट्रक का माल किसी दूसरे व्यापारी को तो नहीं बेच दिया। निस्संदेह, ज्यों-ज्यों समाज में समृध्दि व संपन्नता आई है, लोगों का अंतहीन प्रलोभन थम नहीं रहा है। यही वजह है कि पंजाब के प्रबुद्ध और जागरूक लोगों में इस घटना की तीखी प्रतिक्रिया भारत व सात समुद्र पार भी देखी गई। उन्होंने इस घटना को पंजाब की अस्मिता पर दाग माना और मदद की पेशकश भी की। यह घटना हमें कई सबक देकर जाती है। बताती है कि हमारी भौतिक उन्नति तब तक सारहीन है जब तक हमारे व्यवहार में मानवीय मूल्य जीवंत नहीं होंगे। इंसानियत का पराभव हमारी गम्भीर चिंता का विषय होना चाहिए।

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





स्वभाव प्रकृतिक हैं, अध्ययन हैं दिल का, दिल से मिलन हैं न उसमें, कोई राग न कोई द्वेष हैं ।।

-अंजली जैन
7024460938

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# विधायक की नेक पहल: बस्ती के लोगों को अब उनके ही वार्ड में मिलेगा राशन

## बनवाया सरकारी राशन दुकान का नया भवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के गौतम नगर के कुष्ट बस्ती में रहने वाले लोगों को अब राशन लेने के लिए दूसरे वार्ड में दूर जाना नहीं पड़ेगी। अब वे अपने ही वार्ड में राशन ले सकेंगे। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने इन वार्डवासियों के लिए उनके ही वार्ड में एक सरकारी राशन दुकान का नया भवन बनवा दिया है।



जिसका आज लोकार्पण किया गया है। अब इस राशन दुकान से कुष्ट बस्ती में रहने वाले लोगों को राशन मिलेगा,उन्हे दूसरे वार्ड में राशन केलिए दूर जाने की जहमत उठानी नहीं पड़ेगी। गौरतलब है कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव समय समय पर वार्ड दौर करते है। लोगों से भेंट मुलाकात करने जाते है। लोगों से मिलकर उनका हालचाल पूछते है। उनकी समस्याओं को जानते और उसका निदान करते हैं। इसी कड़ी में कुछ समय पहले विधायक देवेंद्र यादव गत दिनों वार्ड गौतमनगर गए थे। जहां वे कुष्ट बस्ती में रहने वाले लोगों से मिले। उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली थी। तब लोगों ने बताया था कि उनके वार्ड में सरकारी राशन की दुकान नहीं है। इस वजह से उन्हें सब को राशन लेने के लिए दूसरे वार्ड में दूर जाना पड़ता है। वहां से राशन लेकर आने में बड़ी समस्या होती है। विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों की समस्याओं को समझा और नया सरकारी राशन दुकान का भवन निर्माण करने के आदेश दिए थे।

तत्काल भवन बनाने के लिए प्रस्ताव बनवाकर उसे स्वीकृत कराया और काम शुरू कराया था। जो अब बन कर तैयार हो गया। जिसका वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों ने उद्घाटन किया। अब इन सरकारी राशन दुकान से लोगों को लाभ मिलेगा। इसके लिए वार्डवासियों ने विधायक देवेंद्र यादव का आभार जताया और कहा कि आप हमारे नेता नहीं हमारे बेटा हो। जो समय समय पर हमने मिलने आते हों। हमारी दुख दर्द में हर तकलीफसमस्या में एक बेटे की तरह हमारा साथ देते हो।

# खाद्य मंत्री ने किया उप अभियंता कार्यालय का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत मंगलवार को सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण पर निकले। भ्रमण के दौरान खाद्य मंत्री ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी खड़गांव में उप अभियंता कार्यालय का लोकार्पण किया। इस पावर स्टेशन में उच्च क्षमता के साथ विद्युत सप्लाई के साथ बिजली बिल जमा करने तथा बिजली से संबंधित किसी प्रकार की समस्या होने पर उसका निराकरण किया जाएगा।

खड़गांव में कार्यालय खुल जाने से 16 ग्राम पंचायत के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। खाद्य मंत्री श्री भगत ने ग्राम पंचायत बेलजोरा में लगभग 13 लाख की लागत से बन रहे पशु उप चिकित्सा केंद्र का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। खाद्य मंत्री ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती सायकल योजना के



अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय देवगढ़ में 36 एवं राजापुर में 78 छात्राओं को सायकल वितरण किया। इसके साथ ही राजापुर समिति में नवनिर्वाचित अध्यक्ष रंजीत तिग्गा के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान इंग्लिश मीडियम के छात्रों ने खाद्य मंत्री से अंग्रेजी में संवाद किया। आमजनों को संबोधित करते हुए खाद्य मंत्री ने कहा कि पशुपालकों से लेकर किसानों और आम जनता सभी को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। स्कूली छात्रों के आवागमन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनको निःशुल्क सायकल वितरित किया जा रहा है। किसानों को धान का उचित दाम दिया जा रहा है। सड़क, पुल पुलिया, स्कूल और अन्य शासकीय भवन बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में गौसेवा आयोग के सदस्य अटल यादव, उर्दू अकादमी के सदस्य बदरुद्दीन इराकी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला खेस्स, एसडीएम रवि राही, जनपद सीईओ संजय मरकाम, तहसीलदार शिवनारायण राठिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खास खबर

### शौर्य पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** जिले के 18 वर्ष से कम उम्र के ऐसे वीर बालक व बालिकाएं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना अद्भुत वीरता का कार्य किया हो उन्हें महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर शौर्य पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए आवेदन 3 जनवरी तक आमंत्रित की गई है। वीरता संबंधित घटना 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 के मध्य की होनी चाहिए। आवेदनकर्ता को आवेदन पत्र के साथ वांछित अभिलेख एवं अनुशंसा निर्धारित प्रारूप में सलंग्न करना है। इसके लिए आवेदक को जिलाधीश द्वारा अनुशंसा पत्र, एफआई आर की प्रति अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों की कहानी जो इस बाबत प्रकाशित हुई है इत्यादि अपने आवेदन के साथ संलग्न करना है। पुरस्कार के लिए चयनित बालक या बालिका को मेडल, प्रशस्ति पत्र, 15000 रूपए की नगद राशि प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति दी जाएगी। आवेदन पत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग (पांच बिल्डिंग परिसर) दुर्ग से प्राप्त कर सकते हैं।

### स्टेनोग्राफर एवं सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पदों के भर्ती के लिए प्रवेश पत्र वेबसाईट में उपलब्ध

**दुर्ग।** स्टेनोग्राफर (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती से पूर्ति हेतु उक्त विज्ञापन के परिपेक्ष्य में स्टेनोग्राफर (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड-3 के सीधी भर्ती की दिनांक 15 जनवरी 2023 को दोनों पदों हेतु संयुक्त प्रारंभिक लिखित परीक्षा शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में आयोजित की गई है । अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर जिला न्यायालय, दुर्ग की वेबसाईट पर अपलोड किया गया है । साथ ही उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश पृथक से वेबसाईट पर अपलोड किये गये है।

# मुख्यमंत्री बघेल द्वारा भटगांव में उप पंजीयक कार्यालय खोलने की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शाम बिलाईगढ़ में विभिन्न समाज एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमण्डल से भेंट-मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान भटगांव में उपपंजीयक कार्यालय खोलने की घोषणा की। बिलाईगढ़ में बस सुविधा दुरूस्त करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। उन्होंने इस मौके पर एक-एक कर सभी समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधियों से सामाजिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही उनसे शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में भी फीडबैक लिया।



मुख्यमंत्री ने सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मंडल से भेंट-मुलाकात के दौरान टुण्डाऊरोड की मरम्मत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। खैरवार समाज की मांग पर रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख रूपए स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

खैरावार समाज प्रमुखों ने समाज के लोगों को पूर्व में दिए गए वन भूमि पट्टा को दुरूस्त किए जाने की बात कही मुख्यमंत्री ने इस संबंध में ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर शासन को प्रस्तुत करने की समझाइस दी। वैष्णव समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को सारंगढ़ में आगामी 11 एवं 12 फरवरी को आयोजित होने वाले महाअधिवेशन में आने का निमंत्रण दिया। मुस्लिम समाज द्वारा कब्रिस्तान के बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग पर मुख्यमंत्री ने बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए स्टीमेट के अनुरूप राशि देने की बात कही। केंवट समाज द्वारा अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग पर मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार को पत्र लिखने का आवश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री को जायसवाल कलार समाज प्रमुख ने सामाजिक बोर्ड की गठन की मांग की। मुख्यमंत्री ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से सामाजिक भवन के लिए जमीन की रजिस्ट्री समाज के नाम पर कराने की समझाईश दी। उन्होंने कहा कि जमीन रजिस्ट्री के बाद ही प्रक्रिया के तहत राशि आबंटित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहार समाज द्वारा बिलाईगढ़ में मुक्तिधाम की मांग पर सहमति व्यक्त करते हुए कलेक्टर को निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विभिन्न समाजों की मांग पर सामाजिक भवन और अन्य कार्यों के लिए करोड़ों रूपए की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने अघरिया समाज को बिलाईगढ़ में सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख रूपए, ग्राम चांदन, देवरी सोनाखान क्षेत्र में अघरिया समाज के सामुदायिक के लिए 20 लाख रूपए, गिरौदपुरी में पटेल मरार समाज के सामाजिक भवन के लिए 15 लाख रूपए, साहू समाज के लिए पुरगांव, धनसिर में कंवर समाज, चौहान समाज, गोंड समाज और संवरा समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10-10 लाख रूपए, वैष्णव समाज को भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपए स्वीकृत किए।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हितग्राहियों को वितरित की सामग्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत सरसींवा विकासखण्ड बिलाईगढ़ में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किया। इनमें बिलाईगढ़ की श्रीमती गणेशी बंजारे, पुनीराम खूंटे, शिव चौहान एवं नागेश्वर निषाद को ट्रायसायकल और भटगांव के समारू छडिया, मेवा श्रीवास, मेघनाथ साहू एवं पुनीराम सिदार को ट्रायसायकल तथा फेकूराम पटेल एवं अमृतलाल पटेल को बैशाखी प्रदाय किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग से 4 बच्चों में मोक्ष रत्नाकर, हंसीका रत्नाकर, बिदिस रत्नाकर, अंकिता खटकर तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से 6 बच्चों में दुर्गा जायसवाल, चित्रेश दास, उमंग दास, हिमांशी, लियान एवं कशिश को जाति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

# राजधानी रायपुर में जी-20 देशों की बैठकों के लिए तैयारियां शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सितम्बर 2023 में प्रस्तावित जी-20 देशों की चौथी स्थायी वित्त कार्य समूह बैठक की व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में जी-20 की बैठकों की व्यवस्थाओं के समन्वय हेतु गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जी-20 देशों की बैठकों की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों से व्यापक चर्चा की गई। जी-20 बैठक की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए राज्य स्तर पर अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसमें जी-20 की बैठकों की व्यवस्थाओं के लिए संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के सचिव अन्बलगन पी. को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह प्रोटोकॉल व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी आयुक्त जनसम्पर्क दीपांशु काबरा और प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल अनिल कुमार साहू और राज्य प्रोटोकॉल अधिकारी श्री अरविंद सिंह को नियुक्त किया गया है।

सुरक्षा एवं यातायात और प्रोटोकॉल के प्रभारी अधिकारी आईजी रायपुर रेंज अजय यादव और गृह विभाग के संयुक्त सचिव अभिजीत सिंह को बनाया गया है। रायपुर सिटी स्प्रूसिंग व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी संचालक नगरीय प्रशासन अयाज फकीरभाई तम्बोली और नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी को नियुक्त किया गया है।


जी-20 की बैठक में शामिल होने वाले अतिथियों को भ्रमण और भारतीय अनुभव के लिए प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल श्री अनिल कुमार साहू को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। ब्रांडिंग के प्रभारी अधिकारी आयुक्त जनसम्पर्क दीपांशु काबरा और संचालक जनसम्पर्क सौमिल रंजन चौबे को बनाया गया है।




# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया शहीद वीरनारायण सिंह इको टूरिज्म सर्किट का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बलौदाबाजार जिले के बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्थित ग्राम सोनाखान पहुंचे, जहां पर उन्होंने छत्तीसगढ़ के शहीद वीरनारायण सिंह की स्मृति में बनाए गए इको टूरिज्म सर्किट एवं म्यूजियम का शुभारम्भ किया।



सोनाखान के कुर्रूपाठ के घने जंगलों में प्रकृति के बीच इस कलाकृति को आकार दिया गया है। यह प्रदेश में अपनी तरह का पहला ऐसा म्यूज़ियम है, जहां ऑडियो- विजुअल सेटअप और एक विशेष धातु कॉर्टेन स्टील के माध्यम से शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी को प्रदर्शित किया गया है। सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफमोर्चा खोलने वाले शहीद वीरनारायण सिंह की गौरव गाथा को प्रदर्शित करने के लिए एक विशेष तरह के कॉर्टेन स्टील का प्रयोग किया गया है। बताया गया कि कॉर्टेन स्टील एक तरह का ऐसा मेटल है, जिसमें पहले से जंग की एक परत लगी हुई होती है। खास बात यह है कि यह धातु प्रकृति को हानि नहीं पहुँचाती। कुर्रूपाठ पहाड़ की हरियाली के बीच इसकी नयनाभिराम सुंदरता देखते ही बनती है। कॉर्टेन स्टील के बने लम्बे और सुंदर पैनल्स पर शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी उकेरी गई है, जिसका अवलोकन दिन के उजाले के साथ ही रात में भी देखा जा सकता है। लाइट के अद्भुत सेटअप इसे खास और अलग बनाते हैं। सभी पैनल एक ऑडियो सेटअप के साथ है जहां सोनाखान के पराक्रमी शहीद वीर नारायण सिंह के जन्म से लेकर क्रांति और बलिदान को सुना जा सकता है। यह ऑडियो हिंदी, अंग्रेज़ी और छत्तीसगढ़ी भाषा में उपलब्ध है। पर्यटक अपनी पसंद मुताबिक ऑडियो की भाषा का चयन कर सकता है। देश में कॉर्टेन स्टील का उपयोग विभिन्न महान परियोजनाओं में कलाकृतियां बनाने के लिए किया जा चुका है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, बिहार म्यूज़ियम और कई देशों के प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट में इसका उपयोग किया गया है।






## खास खबर...

### ऑनलाईन आवेदन किये गये आवेदकों के लिए वृहद रोजगार मेला कल

**रायपुर।** जिला रोजगार एंव स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर के मार्गदर्शन में 46 हजार 616 पदों के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन किये गये आवेदकों के लिए 22 दिसंबर को सबेरे 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला आयोजित है। जिला रोजगार विभाग के उप संचालक ने बताया कि ऐसे आवेदक जिन्होंने ऑनलाईन गुगल फार्म के माध्यम से अपनी शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता एवं व्यक्तिगत जानकारी की विवरणी भेजे है, वे आवेदक उक्त निर्धारित दिनांक को शासकीय आई.टी.आई. सड्डू, लाईवलीहूड कॉलेज-जोरा एवं गर्ल्स पॉलिटेक्निक कॉलेज रायपुर मे से किसी भी एक स्थल पर उपस्थित होकर साक्षात्कार की प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते है। लाईवलीहूड कॉलेज जोरा में 28 नियोजक, शासकीय आई.टी.आई. सड्डू में 25 नियोजक एवं शासकीय गर्ल्स पॉलिटेक्निक कॉलेज में 15 नियोजक उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि नियोजकों के नाम एवं उनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों की जानकारी तथा वृहद रोजगार मेला का आवेदन पत्र जिला प्रशासन रायपुर की वेबसाईट raipur.gov.in एवं रोजगार विभाग की वेबसाईट cgemployment.gov.in से डाउनलोड कर सकते है तथा उसे भरकर साक्षात्कार में शामिल हो सकते है। उन्होंने यह भी बताया कि दूरस्थ जिलों के आवेदकों के लिए भी समय समय पर अन्य जिलों में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जावेगा। आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# स्वास्थ्य विभाग लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध, हर नागरिक तक पहुंचाई जा रही स्वास्थ्य सेवाएंः मंत्री सिंहदेव

## स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अस्पतालों में मानव संसाधन, उपकरणों और दवाईयों की उपलब्धता की समीक्षा

### अधिकारियों को ड्रग वेयरहाउस के नियमित निरीक्षण करने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव ने रायपुर स्थित एक निजी होटल में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों एवं सिविल सर्जनों की उपस्थिति में विभागीय काम-काज की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जिलेवार समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठकों का दौर आज भी जारी रहेगा।




बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., कमिश्नर स्वास्थ्य सेवाएं सी.आर. प्रसन्ना, स्वास्थ्य संचालक भीम सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक भोसकर विलास संदिपान, सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक अभिजीत सिंह व नव नियुक्त प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा भी मौजूद थे।

स्वास्थ्य सचिव प्रसन्ना आर. ने समीक्षा के दौरान सभी जिलों के अस्पतालों में डॉक्टरों को समय पर आने व मरीज़ों को पैथोलॉजी लैब रिपोर्ट समय पर देने को कहा। उन्होंने जिला बालोद, सुकमा, कोंडागांव, बिलासपुर व राजनांदगांव को ओपीडी व आईपीडी की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सचिव ने सभी जिला के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, बीएमओ, डीपीएम, सीपीएम से जिलों के अस्पतालों की रेगुलर फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे स्वास्थ्य व्यवस्था में आ रहे गैप का पता लगाया जा सकेगा और व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकेगा। सभी सिविल सर्जन और हॉस्पिटल कंसलटेंट को ड्रग वेयरहाउस का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी उन्होंने दिए, जिससे दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

स्वास्थ्य संचालक भीम सिंह ने सभी जिलों की एक्जिक्यूटिव कमेटी की बैठक हर माह कर रिपोर्ट राज्य को प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही सभी जिला अस्पतालों में पावर ऑडिट तत्काल कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलों में सी-सेक्शन, ओटी सेवाएं, ट्रामा व लैब सर्विसेस पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में एनआईसी की टीम द्वारा ह्यूमन रिर्सोसेज मैनेजमैंट इनफॉरमेशन सिस्टम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना से दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को मिल रहा लाभ

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने समीक्षा बैठक में मरीजों को नियमित प्रदाय की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। श्री सिंहदेव ने प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में चल रही मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना की भी सराहना की और कहा कि इसमें अस्पतालों की ओपीडी से भी अधिक लोगों का इलाज हो रहा है। प्रदेश के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं, जिसे हमें और बेहतर करना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पूरी क्षमता से लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। नागरिकों तक सभी जरुरी सेवाएं पहुंचाई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन, मानव संसाधन, उपकरणों और दवाईयों की उपलब्धता की खास तौर पर समीक्षा की।

# संभाग स्तरीय युवा महोत्सवः खो-खो, कबड्डी में बलौदाबाजार की टीम ने दर्ज की जीत

**रायपुर (ए)।** रायपुर जिले के पंडित रविशंकर शुक्ल शारीरिक शिक्षा अध्ययन शाला के प्रांगण में मंगलवार को संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी डॉ सी डी अगासे एवं सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी आई पी वर्मा इस अवसर पर उपस्थित थे। संभाग स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में 20 एवं 21 दिसंबर तक किया जा रहा है।



संभाग स्तरीय युवा महोत्सव के खेलकूद प्रतियोगिता में रायपुर संभाग के 5 जिले रायपुर, महासमुंद ,धमतरी, बलौदा बाजार एवं गरियाबंद के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खेल की प्रतियोगिता में पांच खेल, भंवरा, गेड़ी, फुगड़ी, खो-खो एवं कबड्डी का आयोजन किया गया। जिसमें 15 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष प्रतिभागी भाग ले रहे है।

मंगलवार को 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें महिला वर्ग की खो-खो में बलौदाबाजार की टीम ने प्रथम एवं धमतरी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पुरुषों में प्रथम स्थान बलोदा बाजार एवं द्वितीय स्थान रायपुर की टीम ने हासिल किया। कबड्डी में महिला वर्ग में प्रथम स्थान बलौदाबाजार तथा द्वितीय स्थान रायपुर की टीम को प्राप्त हुआ, पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान गरियाबंद द्वितीय स्थान बलौदाबाजार ने हासिल किया। भौरा में प्रथम स्थान बलौदाबाजार के अरुण कुमार तथा द्वितीय स्थान रायपुर के सुजीत हालदार को मिला। महिला वर्ग में प्रथम स्थान बलौदाबाजार की डिंपल मार्कण्डेय तथा द्वितीय स्थान गरियाबंद की राज लक्ष्मी यादव ने हासिल किया। गेड़ी में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान बलौदाबाजार के गोकर्ण एवं द्वितीय स्थान गरियाबंद के भूपेंद्र ध्रुव तथा महिला वर्ग में गरियाबंद की साधना यादव ने प्रथम स्थान तथा बलौदाबाजार की बिंदु पैकरा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार फुगड़ी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में गरियाबंद के घनश्याम ने प्रथम तथा धमतरी के अजय निषाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में प्रथम स्थान धमतरी की राजेश्वरी हिरवानी और द्वितीय स्थान महासमुंद की गायत्री सिद्धार्थ ने हासिल किया।

# माना कैम्प के छात्र-छात्राओं के लिए एयरो-मॉडलिंग विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पढ़ाई में केवल सैद्धांतिक रूप से जानकारी हासिल कर लेना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमें अधिकाधिक प्रयोगों को करके पूर्व से उपलब्ध प्रौद्योगिकी के साथ नवीन प्रौद्योगिकी का ज्ञान हासिल करना आवश्यक है। रीजनल साईंस सेन्टर द्वारा इसी उद्देश्य से 20 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक कुल पांच दिवसीय एयरो-मॉडलिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय- माना कैम्प, कक्षा- नवमीं से बारहवीं तक के कुल-35 छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। प्रभारी परियोजना संचालक डॉ. शिरिष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि शिक्षा की पारंपरिक पद्धति में प्रौद्योगिकी का समावेश प्राप्त ज्ञान को चिर स्थायी बनाता है। विज्ञान के सिद्धांतों को बच्चे करके बहुत आसानी से सीख सकते हैं। साथ ही विज्ञान के क्षेत्र में होने वाले नए अविष्कारों के लिए आकर्षित होते हैं। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लगातार हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।



कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ डॉ. अरूणा राना मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा छात्र-छात्राओं को संबंधित विषय पर व्याख्यान के साथ ही साथ एयरो-मॉडलिंग की असेम्बलिंग एवं फ्लाईंग सेशन से जुड़े मूलभूत सिद्धांतों को सरल एवं सहज ढंग से बताया जाएगा। इंजीनियर अमित मेश्राम (वैज्ञानिक-डी) ने बताया कि विज्ञान केन्द्र द्वारा लगातार नवीन प्रौद्योगिकी जैसे- रोबोटिक्स, ड्रोन एवं एयरो-मॉडलिंग पर वर्कशॉप-हैण्ड्स ऑन एक्टिविटी किया जा रहा है। महानिदेशक डॉ. एस. कर्मकार ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को इस पॉच दिवसीय कार्यशाला के लिए शुभकामनाऍ दी। इस पॉच दिवसीय कार्यशाला के डॉ. आशीष सराफ, मैट्स यूनिवर्सिटी, प्रज्ञा कदम (वैज्ञानिक अधिकारी) एवं शोधार्थी सहित अन्य उपस्थित थे।

# एससी-एसटी वर्ग के अत्याचार से संबंधित प्रकरणों पर तत्परता से कार्यवाही करें: पुलिस महानिदेशक

### पुलिस मुख्यालय में अजाक थानों के पुलिस अधिकारियों को अधिनियम की जानकारी के लिए कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने कहा है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम एवं नियम के तहत शिकायतों एवं प्रकरणों बिना विलम्ब किए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों पर पीड़ित पक्ष राहत दिलाना अजाक थाने के सुपरविजन ऑफिसर का दायित्व है। श्री जुनेजा पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में राज्य के अजाक थानों के नोडल अधिकारी एवं वहाँ पदस्थ पुलिस अधिकारियों को एससीएसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रति संवेदीकृत करने के उद्देश्य से आज एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।

पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में इस वर्ग के व्यक्ति के जीवन व संपत्ति की संरक्षण के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम लाया गया है। यह एक विशेष अधिनियम है, जो दूसरे कानूनों से हटकर है, जिसमें संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही की जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण की शिकायत थाने में आने पर बिना विलंब किये प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया जाना चाहिए एवं सक्रियता के साथ पीड़ित को राहत दिलाया जाना अजाक थाने के सुपरविजन ऑफिसर का दायित्व है।



श्री जुनेजा ने कहा कि प्रकरण के विवेचनाधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में चालान पेश करने के बाद ट्रायल की मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित तिथि में पीड़ित व गवाहों की न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराई जावे। उन्होंने कहा कि अपराध के कारण हुए हानि के लिए पीड़ित को दी जाने वाली राहत राशि पर जोर देते हुए कहा कि इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ पीड़ितों को मिले इसके लिए पुलिस अधिकारियों को तत्परतापूर्वक कार्य करना चाहिए। इसी प्रकार वर्ष 2015 में इस एक्ट में हुए संशोधन, सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रीय एवं राज्य मानव अधिकार आयोग के गाईडलाईन तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी के निदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी, सहायक लोक अभियोजक सोहन साहू तथा हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. अंकित अवस्थी द्वारा इस अधिनियम एवं नियम के विधिक प्रावधानों, विवेचना के विभिन्न पहलु और कमी, क्षतिपूर्ति एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यशाला में अजाक के राज्यभर के नोडल अधिकारी सहित निरीक्षक एवं उप निरीक्षक स्तर के करीब 110 अधिकारियों ने भाग लिया। पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी एस.सी. द्विवेदी ने कहा कि पुलिस महानिदेशक के मंशानुरूप पुलिस अधिकारियों की क्षमता वृद्धि हेतु विभिन्न विषयों पर लगातार सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन पुलिस मुख्यालय द्वारा कराया जा रहा है।

मिलना कुर्रे, उप पुलिस महानिरीक्षक, अजाक द्वारा कार्यशाला का सारांश प्रस्तुत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिमांशु गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, विवेकानंद सिन्हा, पुलिस महानिरीक्षक आर.पी. साय, उप पुलिस महानिरीक्षक विनित खन्ना, आर.एन. दास, हिमानी खन्ना, सहायक पुलिस महानिरीक्षक मनीष शर्मा, वाय.पी. सिंह, पूजा अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत शुक्ला सहित पुलिस मुख्यालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छह सिंचाई योजनाओं के लिए 28.48 करोड़ रूपए स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के छह विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 28 करोड़ 48 लाख 46 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। योजना के पूरा होने से 1 हजार 434 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड-वाड्रफनगर की सुखनईया नाला स्टपाडेम निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 4 लाख 30 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पूरा होने से 120 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-वाड्रफनगर की हरीगवां जलाशय योजना के जीर्णोद्धार निर्माण कार्य लिए 2 करोड़ 51 लाख 28 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 200 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-वाड्रफनगर की बड़ा रघुनाथनगर योजना का जीर्णोद्धार कार्य के लिए 3 करोड़ 23 लाख 89 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पूरा होने से 258 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

विकासखण्ड-कुसमी की केरापाट जलाशय योजना के जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य के लिए 1 करोड़ 83 लाख 76 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पूरा होने से 80 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-शंकरगढ़ की पोंड़ी व्यपवर्तन योजना के निर्माण कार्य के लिए 8 करोड़ 41 लाख 32 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 270 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-रामानुजगंज की गिरवानी व्यपवर्तन योजना के जीर्णोद्धार, नवीनीकरण एवं नहर विस्तार कार्य के लिए 9 करोड़ 43 लाख 91 हजार रूपए स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पूरा होने से 506 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















## खास खबर

### अजय देवगन ने खतरनाक लुक के साथ किया भोला की रिलीज डेट का ऐलान

बॉलीवुड सुपरस्टार, डायरेक्टर और फिल्म मेकर अजय देवगन एक बार फिर लोगों का दिल जीतने की तैयारी कर चुके हैं। वह अपनी सबसे चुनौतीपूर्ण, क्रेज़ी, धमाकेदार फिल्म, भोला के फर्स्ट लुक को लेकर सुर्खियां बटोर चुके हैं, वहीं अब उन्होंने फिल्म् की रिलीज डेट का का भी खास अंदाज में ऐलान किया है। फिल्म, भोला की रिलीज को लेकर अजय देवगन के फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इसलिए अजय देवगन ने भी धमाकेदार स्टाइल में फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। उन्होंने फिल्म से अपने 4 नए पोस्टर रिलीज करके बताया है कि फिल्म 30 मार्च को रिलीज होने वाली है। अजय देवगन ने पोस्ट शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा है, एक चट्टान, सौ शैतान और इसके साथ उन्होंने लिखा है, इस कलयुग में आ रहा है स भोला 30 मार्च 2023 को। ये कैप्शन बताता है कि यह एड्रेनालाईन धमाका मेगा पेशकश क्या है। आपको बता दें कि यह फिल्म एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है जो निडर है। वह निडर है क्योंकि वह ड्रग-माफियाओ, भ्रष्ट फोर्सेज और अपने 24 घंटे के मुश्किल सफर में आने वाले कई आघातों का मुकाबला करने के लिए तैयार है। कहा जा रहा है कि यह देवगन की अब तक की सबसे साहसिक फिल्म है। इसे वन-मैन आर्मी की कहानी के रूप में दिखाया गया है, इसे एक रात में सेट किया गया है, जो अलग-अलग रूपों में दुश्मनों की भीड़ से लड़ता है। वह एक पिता है जो अपनी छोटी बेटी तक पहुंचने के लिए अपनी तलाश के बीच में आने वाले किसी भी व्यक्ति से लड़ जाएगा।

### कुत्ते के नए पोस्टर में ज्यादा खूंखार दिखे एक्टर, असली कुत्तों ने भी दिए पोज

बॉलीवुड की आगामी मल्टीस्टारर फिल्म कुत्ते अपने नाम को लेकर काफी सुर्खियां में हैं। इसमें अर्जुन कपूर, तब्बू, नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेनशर्मा, कुमुद मिश्रा, राधिका मदान और शार्दुल भारद्वाज सहित और भी कई एक्टर नजर आ रहे हैं। फिल्म का पोस्टर इसके इंटेंस कैरेक्टर्स और दुनिया की एक झलक पेश करता है। इस फिल्म को आसमान भारद्वाज ने बनाया हैं। यह असामान्य, रफ एंड टफ होने के साथ रियल भी है। इससे पहले फिल्म अपने पोस्टर लॉन्च अनाउंसमेंट को लेकर भी काफी हलचल पैदा कर चुकी है, जिसमें निर्माताओं को दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री से समान रूप से जोरदार प्रतिक्रिया मिली थी। कुत्ते का पोस्टर जारी किया गया है जिसमें एक्टर्स के लुक और किरदारों की झलक दिखाई गई है। पोस्टर पर हर कोई हीरो और विलेन लग रहा है। फिल्म कुत्ते आसमान के निर्देशन की पहली फिल्म है और कहानी की ताजगी और ट्रीटमेंट निश्चित रूप से दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ेगी। यह आसमान और विशाल भारद्वाज द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई है और हाल ही में फिल्म के मोशन पोस्टर से पर्दा उठाया गया था जिसे हर तरफ से खूब प्यार मिला था, जिसकी एक वजह इसके फ्रेश डायलॉग्स और किरदारों का लुक भी है। लव फिल्म्स और विशाल भारद्वाज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन, विशाल भारद्वाज, अंकुर गर्ग और रेखा भारद्वाज द्वारा निर्मित कुत्ते गुलशन कुमार और भूषण कुमार की टी-सीरीज़ द्वारा प्रस्तुत है। फिल्म का संगीत विशाल भारद्वाज देंगे और इसके बोल गुलजार ने लिखे हैं। कुत्ते 13 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### अक्षय-टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग जल्द होगी शुरू, करोड़ों रुपये के सेट तैयार

अली अब्बास जफर की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ नजर आने वाले हैं। अली अब्बास फिल्म के निर्देशक हैं, जबकि इसे वाशु भगनानी और जैकी भगनानी प्रोड्यूस कर रहे हैं। ऐसी चर्चा है कि फिल्म की शूटिंग जनवरी में शुरू हो सकती है। एक सूत्र ने बताया कि इसकी शूटिंग 17 जनवरी को मुंबई में शुरू होगी। यह इस फिल्म का पहला शेड्यूल होगा। एक सूत्र ने कहा, फिल्म का पहला शेड्यूल 17 जनवरी से मुंबई के यशराज स्टूडियो में शुरू होगा जिसमें अक्षय, टाइगर, पृथ्वीराज और फिल्म की पूरी टीम साथ होगी। इसके बाद फिल्मसिटी में इसका एक और शेड्यूल होगा। दोनों स्टूडियोज में करोड़ों रुपये की लागत से बड़े सेट लगाए गए हैं। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के दिखने की भी चर्चा है।

### शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की पठान का अगला गाना कल होगा रिलीज

अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म पठान का पहला गाना बेशरम रंग ने रिलीज होते ही देशभर में बवाल खड़ा कर दिया। इस गाने का जमकर विरोध हो रहा है। अब फिल्म के दूसरे गाने का पहला पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसमें शाहरुख और दीपिका पादुकोण स्टाइलिश लुक में दिखे हैं। फिल्म के दूसरे गाने का टाइटल झूमे जो पठान रखा गया है। मेकर्स इस गाने को 22 दिसंबर को रिलीज करने वाले हैं। निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने फिल्म के दूसरे गाने को लेकर बातचीत की है। उन्होंने कहा, गाने में शाहरुख और दीपिका हैं। यह गाना आधुनिक कव्वाली है, जो पठान की शैली को सेलिब्रेट करता है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि लोग अपने पसंदीदा सुपरस्टार को डांस करते देखना पसंद करेंगे। इस गाने का फर्स्ट लुक पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बता दें कि शाहरुख की यह फिल्म विभिन्न भाषाओं में 25 जनवरी को सिनेमाघरों में आएगी।

# ईको-फ्रेंडली क्रिसमस मनाने के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स

क्रिसमस के मौके पर घर को सजाने के लिए मार्केट में कई तरह की चीजें मिलती हैं, लेकिन अधिकतर सजावटी सामान ऐसी सामग्रियों से बनाए जाते है जो पर्यावरण के अनुकूल नहीं होती हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसी टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप ईको-फ्रेंडली क्रिसमस मना सकते हैं। इस तरह त्योहार का जश्न सभी के लिए स्वस्थ और सुरक्षित बनाया जा सकता है।



### असली क्रिसमस ट्री खरीदें

ज्यादातर नकली क्रिसमस ट्री ऐसे उत्पादों से बनती हैं जो प्राकृतिक तौर पर गलते नहीं हैं। ये पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक होते हैं। ऐसे में पर्यावरण के अनुकूल क्रिसमस ट्री की तलाश करें। एक असली क्रिसमस ट्री नकली की तुलना में अधिक टिकाऊ होती है और इसका इस्तेमाल घर के वातावरण को ताजगी से भरने में मदद कर सकता है। सजा हुआ असली क्रिसमस ट्री घर को बहुत खूबसूरत लुक देता है।

### रीसाइकल्ड गिफ्ट रैपिंग पेपर का करें इस्तेमाल

इन दिनों मार्केट में तरह-तरह के डिजाइनर गिफ्ट रैपिंग पेपर उपलब्ध हैं। इनमें शामिल मैटेलिक या ग्लॉसी रैपिंग पेपर को रीसाइकल्ड करना मुश्किल होता है, इसलिए इन्हें न खरीदें। इनकी बजाय इस साल क्रिसमस गिफ्ट्स के लिए रीसाइकल्ड गिफ्ट रैपिंग पेपर का इस्तेमाल करें। आप चाहें तो गिफ्ट को अखबार या हस्त-निर्मित शीट्स से भी पैक कर सकते हैं। इसके अलावा आप अपने दोस्तों से भी कह सकते हैं कि वे भी अपने गिफ्ट्स को इनसे पैक करें।

### एलईडी लाइट्स लगाएं

अमूमन लोग क्रिसमस पर घर की सजावट के लिए तरह-तरह की फेयरी लाइट्स का इस्तेमाल कर लेते हैं, लेकिन ये पर्यावरण के अनुकूल नहीं होती हैं। बेहतर होगा कि आप इनकी जगह एलईडी लाइट्स का इस्तेमाल करें। इन लाइट्स को बनाने में गैलियम फोस्फाइड का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे कम ऊर्जा की खपत में ज्यादा प्रकाश उत्पन्न होता है।

### हस्त-निर्मित गिफ्ट दें

क्रिसमस थीम पर बने प्लास्टिक गिफ्ट्स किफायती होते हैं, लेकिन एक निश्चित समय के बाद कचरे में ही जाते हैं और ये हमें प्लास्टिक की खपत के अंतहीन चक्र में डाल देते हैं। ऐसे में इस क्रिसमस पर पर्यावरण के अनुकूल हस्त-निर्मित गिफ्ट देने की प्रथा शुरू करें। अगर आप इसके लिए तैयार हैं तो हाथ से बने आर्ट वर्क, फूलों वाली चीजें, प्लांटेबल स्टेशनरी, इको-फ्रेंडली कटलरी और स्नैक्स बॉक्स आदि गिफ्ट के तौर पर दे सकते हैं।

### सजावट के लिए ईको-फ्रेंडली चीजों का ही करें इस्तेमाल

घर को सजाने वाले प्लास्टिक के सामान का इस्तेमाल बहुत बढ़ गया है। क्रिसमस पर ये घर की सजावट के काम आते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद ही सड़कों और गलियों में बिखरे नजर आते हैं। इनसे नालियां तो जाम होती ही हैं, साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। अगर आप पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते हैं तो इनकी जगह ईको-फ्रेंडली चीजें जैसे पेपर क्राफ्ट और बांस आदि का इस्तेमाल करें।

## जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट में दिखेंगी सादिया खातीब



इस साल अगस्त में रिलीज हुई फिल्म रक्षा बंधन में अक्षय कुमार की बहन के रूप में सबका ध्यान आकर्षित करने वाली सादिया खातीब अब निर्देशक शिवम नायक की फिल्म उजमा में नजर आएंगी. एक समय यह रोल श्रद्धा कपूर करने वाली थीं. यह फिल्म एक भारतीय लड़की उजमा अहमद की कहानी है, जो एक युवक के प्यार में पड़ कर पाकिस्तान चली जाती है. वहां बंदूक की नोंक पर उसका निकाह होता है और कई सारी हकीकतों से वह रू-ब-रू होती है. कैसे उजमा जान बचाकर भागती है और किस तरह से अधिकारी उसे बचाकर भारत लाते हैं, यह फिल्म में दिखाया जाएगा. फिल्म में भारतीय अफसर की भूमिका जॉन अब्राहम निभा रहे हैं. सादिया खातीब ने 2020 में निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म शिकारा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था और उस साल उन्हें फिल्म फेयर की बेस्ट डेब्यू फीमेल लिस्ट में नॉमीनेशन भी मिला था. सादिया ने रक्षा बंधन में अक्षय कुमार की चार बहनों में सबसे बड़ी का रोल निभाया और कहानी में उनकी अहम भूमिका थी. इस रोल के साथ सादिया ने तमाम दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया था. इस फिल्म के बाद उन्हें अब शिवम नायक की फिल्म मिली है. फिल्म की शूटिंग 2023 में शुरू होगी और अगले साल ही इसे रिलीज किया जाएगा. आहिस्ता आहिस्ता (2006) और नाम शबाना (2017) जैसी फिल्मों के निर्देशक शिवम नायर की इस फिल्म में सैफ अली खान की जगह जॉन अब्राहम ने ली है. फिल्म का नाम हालांकि अभी फाइनल नहीं है लेकिन सूत्रों का कहना है कि इसका नाम उजमा हो सकता है. यह फिल्म भारतीय महिला उजमा अहमद की सच्ची कहानी पर आधारित है. उजमा मलेशिया में एक पाकिस्तानी नागरिक ताहिर अली से मिली थीं. दोनों को प्यार हुआ और उजमा उसके साथ पाकिस्तान गई. वहां जाकर पता चला कि अली शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं. पाकिस्तान में बंदूक की नोंक पर उजमा की अली से शादी करवाई गई, यौन शोषण हुआ. खुद को बचाने के लिए आखिर वह भारतीय उच्चायोग तक गई. पासपोर्ट और पेपर्स की भी मुश्किलें थीं. लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उजमा अपने देश भारत लौटीं. उनकी वापसी में पाकिस्तान में इंडियन डिप्लोमेट रहे जेपी सिंह और उस समय विदेश मंत्री रही सुषमा स्वराज का बहुत बड़ा हाथ था. इन दोनों की मदद से ही उजमा अपने देश भारत वापस लौट सकीं. फिल्म में जॉन, इंडियन डिप्लोमेट रहे जेपी सिंह का किरदार निभाने वाले हैं.

# दुनिया के 50 महान एक्टर की लिस्ट में शामिल हुए शाहरुख, पठान की रिलीज से पहले मिली बड़ी कामयाबी

किंग खान को बॉलीवुड का बादशाह यूं ही नहीं कहा जाता है। उनकी हर फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। शाहरुख के फैंस सिर्फ देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भी हैं। शाहरुख के डायलॉग्स उनके लुक्स सभी कुछ फैंस को खूब पसंद आते हैं। उनकी फिल्मों का इंतजार देश ही नहीं दुनिया भर के लोग करते हैं। शाहरुख खान की पॉरपुलैरिटी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनको फेमस मैगजीन एम्पायर ने दुनिया के 50 ग्रेट आर्टिस्ट की लिस्ट में जगह दी है। इस लिस्ट में बॉलीवुड से शामिल होने वाले शाहरुख खान अकेले एक्टर हैं।



एम्पायर मैग्जीन ने शाहरुख खान की तारीफ भी की है। मैगजीन ने कहा कि खान के पास एक ऐसा करियर है जो अब चार दशकों तक 'अनब्रोकन हिट के करीब है और उनकी फैन फॉलोइंग भी अरबो में है। मैगजीन ने आगे कहा गया है, आप बिना करिश्मा और अपने क्राफ्ट में बिना महारथ के ऐसा नहीं कर सकते। लगभग हर जॉनर में कंफर्टेबल, ऐसा कुछ भी नहीं है जो वह नहीं कर सकते हैं।

मैग्जीन ने शाहरुख की कई फिल्मों का भी जिक्र किया है। जिनमें देवदास, माई नेम इज खान कुछ कुछ होता है और स्वदेस में किंग खान के कैरेक्टर को हाईलाइट किया गया है। सिर्फ इतना ही नहीं साल 2012 में आई फिल्म जब तक है जान से उनका डायलॉग- 'जिंदगी तो हर रोज जान लेती है... बम तो सिर्फ एक बार लेगा' को उनके करियर की आइकॉनिक लाइन के रूप में पहचान दी गई है।

बता दें कि इस लिस्ट में हॉलीवुड एक्टर डेनजेल वाशिंगटन, टॉम हैंक्स, एंथनी मार्लन ब्रैंडो, मेरिल स्ट्रीप, जैक निकोलसन और कई अन्य कलाकार शामिल हैं। बता दें कि शाहरुख खान की फिल्म पठान 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी हैं।

# बादशाह की जुगनू गर्ल आकांक्षा शर्मा ने की बोल्डनेस की हदें पार

बॉलीवुड में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरने वाली एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा अपनी बोल्डनेस को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहती हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। वहीं, उनकी बोल्ड आउटफिट में कई तस्वीरें हैं जो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहीं हैं।



आकांक्षा शर्मा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाने का काम करती हैं। टाइगर श्रॉफ और आकांक्षा शर्मा दोनों एक साथ दो वीडियोज कैसनोवा और डिस्को डांसर 2.0 में काम कर चुके हैं। एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा ने साल 2020 में फिल्म त्रिविक्रमा से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। इसके साथ ही आकांक्षा शर्मा हिट म्यूजिक वीडियो जुगनू में सिंगर बादशाह के साथ नजर आईं थीं। आकांक्षा शर्मा एक मॉडल और एक्ट्रेस हैं। साथ ही वो सोशल मीडिया पर भी अपनी तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया का पारा बढ़ा देती हैं। एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा इन दिनों टाइगर श्रॉफ के साथ डेटिंग को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। महेश बाबू और वरुण धवन जैसे सितारों के साथ एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा कई ऐड और साउथ फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। बोल्डनेस और हॉटनेस तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। आकांक्षा शर्मा के इंस्टाग्राम पर 767 के फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा की तस्वीरों को देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं।

# रात में 8 बजे से पहले खाएं दूध रोटी, वेट लॉस के साथ शरीर की इन 4 समस्याओं में है कारगर डाइट

रात में दूध रोटी खाने के फायदे रात में दूध रोटी खाना भले ही एक नीरस भोजन लग रहा हो लेकिन, सेहत के लिए ये बहुत ही फायदेमंद है। जी हां, अगर आप रात में 8 बजे से पहले दूध रोटी खा लेते हैं तो इससे आपके शरीर को कई स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। साथ ही इससे आपका फास्टिंग शुगर लेवल भी नहीं बढ़ेगा और दिन भर आपका पेट और एनर्जी लेवल भी सही रहेगा। इसके अलावा भी रात में दूध रोटी खाने के फायदे कई हैं। कैसे, जानते हैं।



### वेट लॉस में मददगार

रात में दूध रोटी खाने से आपको वेट लॉस में मदद मिल सकती है। दरअसल, ये हाई कैलोरी वाला होने के साथ शरीर का मेटाबोलिक रेट बढ़ाता है। इससे से आप जो भी खाते हैं अच्छे से पच जाता है और वजन नहीं बढ़ता है। साथ ही इससे फूड क्रेविंग भी नहीं होती है जिससे भूख कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

### सोने के बाद एसिडिटी नहीं होती

दूध रोटी आसानी से पच जाता है। जी हां, क्योंकि जब आप इसे खाते हैं तो पेट इसे एक थोक भोजन के रूप में लेता है और तेजी से काम करता है और इसे पचा देता है। इससे आपको रात में सोने के बाद गैस और एसिडिटी की समस्या नहीं होती है। तो, इसलिए आपको रात में दूध रोटी खाना चाहिए।

### कब्ज नहीं होती

कब्ज की समस्या आजकल हर किसी को परेशान कर रही है। ऐसे में दूध रोटी पेट को साफ करने में मदद करता है। ये बॉवेल मूवमेंट को तेज करता है और कब्ज को होने से रोकता है। इसलिए इसे खा कर जब सुबह आप उठते हैं तो आपका पेट साफ हो जाता है।

### नींद सही रहती है

बहुत भारी भोजन खाना या तेल मसाले वाली चीजों को खाना आपकी नींद को प्रभावित करता है। ऐसे में होता ये है कि आपका शरीर इसे पचाने के लिए रेगुलर दिमाग से बात करता है और जगा रहता है। इससे गहरी नींद नहीं आती है। ऐसे में दूध रोटी जब आसानी से पच जाती है तो आपको आराम से नींद आती है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहस्ल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# मुख्यमंत्री ने सोनाखान में ओपन एयर म्यूजियम का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

### कॉर्टेन स्टील से तैयार किया गया है म्यूजियम , शहीद वीर नारायण सिंह की गौरव गाथा की होगी ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति



**रायपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह की जन्म एवं कर्म स्थली को उनके गौरव के अनुरूप विकसित करने के लिए जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा सोनाखान में भव्य ओपन एयर म्यूजियम का निर्माण किया गया है, जिसका शुभारंभ आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। इसके अलावा उन्होंने बलौदाबाजार-भाटापारा टूरिज्म सर्किट का भी शुभारंभ किया। इस टूरिज्म सर्किट में बाबा गुरू घासीदास की जन्म एवं कर्म स्थली गिरौदपुरी, शहीद वीर नारायण सिंह की जन्म एवं कर्म स्थली सोनाखान, कबीर पंथियों के प्रसिद्ध धर्म स्थली दामाखेड़ा, तुरतुरिया, सिद्धखोल जलप्रपात, बलारडेम, सिद्धेश्वर मंदिर पलारी और नारायणपुर का शिव मंदिर शामिल है। इस टूरिज्म सर्किट में आने वाले पर्यटकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी।

सोनाखान में बनाया गया यह म्यूजियम प्रदेश में अपनी तरह का पहला म्यूजियम होगा, जहां ऑडियो- विजुअल सेटअप और एक विशेष धातु कॉर्टेन स्टील के माध्यम से शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी को प्रदर्शित किया जा रहा है। कॉर्टेन स्टील के बनें लम्बे और सुंदर पैनल्स पर शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी उकेरी गई है। जिसकी भव्यता दिन के साथ ही रात में भी देखी जा सकती है। लाइट के अद्भुत सेटअप इसे खास और अलग बनाते हैं। सभी पैनल एक ऑडियो सेटअप लगा हुआ है, जिसके माध्यम से शहीद वीर नारायण सिंह की जन्म से लेकर क्रांति और बलिदान को सुना जा सकता है। यह ऑडियो हिंदी, अंग्रेज़ी और छत्तीसगढ़ी भाषा में उपलब्ध है। यहां आने वाले लोग अपनी पसंद मुताबिक ऑडियो की भाषा तय कर सकते हैं।

देश में कॉर्टेन स्टील का उपयोग विभिन्न महान परियोजनाओं में कलाकृतियां बनाने के लिए किया जा चुका है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, बिहार म्यूज़ियम और कई देशों के प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट में इसका उपयोग किया गया है। यहां पार्किंग और केंटिन की भी व्यवस्था रहेगी। केंटिन की व्यवस्था स्व-सहायता समूह के द्वारा संचालित की जाएगी। इसके साथ ही यहां आने वाले लोगों को म्यूजियम में प्रवेश सशुल्क रहेगा। इस नवाचार से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को भी रोजगार उपलब्ध होगा।

## खास खबर

### भिलाई 3 में योगा वैलनेस सेंटर की स्थापना की गई

**दुर्ग।** शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दुर्ग एवं स्पेशिलिटी क्लीनिक, भिलाई 03 में योगा वेलनेस सेंटर की स्थापना की गई। शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दुर्ग में पदस्थ डॉ. कल्पना ठाकुर, योग चिकित्सक एवं स्पेशिलिटी क्लीनिक, भिलाई 03 में पदस्थ डॉ. आकांक्षा मिश्रा, योग चिकित्सक द्वारा प्रतिदिन प्रातः 06:00 बजे से 09:00 बजे तक योगाभ्यास कराया जाता है 7 साथ ही प्रातः 10:30 बजे से मध्यान्ह 3:30 बजे तक योगा क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। जिसमें रोग के अनुरूप योगाभ्यास एवं जानकारी दी जाती है । शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय धमधा नाका दुर्ग में नियमित ओ.पी.डी. के साथ साथ पंचकर्म चिकित्सा, योग चिकित्सा, तथा प्रत्येक गुरुवार को संचालनालय आयुष छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों के लिये विशेष ओ.पी.डी सियान जतन क्लीनिक भी संचालन किया जाता है जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के आयुवर्ग की बीमारियों का उपचार, निःशुल्क औषधियां एवं आवश्यक योगाभ्यास की भी जानकारी दी जाती है। आवश्यक औषधियां निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है । आयुष विभाग दुर्ग नागरिको से अधिकतम संख्या में शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधा का अधिकतम लाभ लेने हेतु अपील करता है ।

### महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क से आत्म निर्भर गांव का सपना होगा साकार

# महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क से आत्मनिर्भर गांव का सपना होगा साकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन आवास एवं पर्यावरण मंत्री तथा कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर आज दुर्गम पहाड़ियों के बीच सुदूर वनांचल क्षेत्र बोडला विकासखंड के ग्राम दलदली में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना' का भूमिपूजन किया। दलदली में स्थापित महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में 2 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य किया जाएगा।




मंत्री श्री अकबर ने कहा कि रीपा के स्थापान होने से वनांचलवासियो को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। अंतिम छोर पर निवास करने वाले युवा अब सीधे रोजगार से जुड़ सकेंगे। रीपा में बनाए गए उत्पाद के विक्रय के लिए बाजार भी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि कबीरधाम जिले के चार विकासखंड के 8 चयनित गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) का संचालन होगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का आर्थिक विकास होगा।

मंत्री श्री अकबर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आजादी के लड़ाई के साथ-साथ आर्थिक क्षेत्र में लगातार पूरा जीवन काम किया और ग्राम को स्वावलंबी बनाने की कल्पना की। उनकी इस कल्पना को साकार करने के लिए शासन प्रतिबद्ध है और इसी दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गौठान का स्वरूप अब बदलने लगा है। गौठान अब रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित हो रहे है। रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क महात्मा गांधी जी का सपना है, इससे आत्म निर्भर गांव की संकल्पना पूरा कर पाएंगे। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित गौठानों को आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क बनाए जा रहे हैं। इन पार्कों को ग्रामीण उत्पादन एवं सेवा केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के प्रत्येक विकासखण्ड में दो रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बन रहे है। प्रदेश में गौठनों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गौठनों में वर्मी कम्पोस्ट, मुर्गी पालन, बकरी पालन, कृषि उत्पादों और वनोपजों के प्रसंस्करण के कार्य किया जा रहे हैं। इन गतिविधियों में बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाओं और युवाओं को रोजगार और आय के अवसर मिल रहे हैं। प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखण्ड में 2 रीपा स्थापित किए जा रहे है। इस अवसर पर राज्य क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, जिला मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवा राम साहू, मुखीराम मरकाम, लमतू बैगा, हीरामणी ग्वाला सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, संबंधित ग्राम के सरपंच-पंच उपस्थित थे।

मंत्री श्री अकबर ने कहा कि रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क का उद्देश्य ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए आजीविका के माध्यम से अतिरिक्त आय के साधन बनाना है एवं स्थानीय परिदृष्य के अनुरूप कच्चे माल के स्त्रोत एवं मार्केटिंग विकसित करते हुए ग्रामीण जनता को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत ग्राम के महिला स्व-सहायता समूहों को शेड उपलब्ध कराया जा रहा है। रोजगार प्रारंभ करने आवश्यक उपकरण तथा भूमि व अन्य सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है।

# सेल बीएसपी की ब्लास्ट फर्नेस, एलडीसीपी और ओएचपी ने बनाए नए कीर्तिमान




श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने 19 और 20 दिसंबर 2022 को कई रिकॉर्ड बनाए हैं। संयंत्र की ब्लास्ट फर्नेस ने 19 दिसंबर 2022 को 2591 टन कोल डस्ट इंजेक्ट कर, 30 नवंबर 2022 को दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 2586 टन कोल डस्ट इंजेक्षन के रिकॉर्ड को पार कर एक नया रिकॉर्ड बनाया।

एलडीसीपी बिरादरी ने 19 दिसंबर 2022 को स्टील मेल्टिंग शॉप्स और सिंटर प्लांट्स को 2496 टन लाइम और कैल्साइन्ड डोलोमाइट का प्रेषण कर दैनिक डिस्पैच का नया कीर्तिमान स्थापित किया, जो कि 30 नवंबर 2022 को 2439 टन के दैनिक डिस्पैच के सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार कर बनाया गया। 19 दिसंबर 2022 को एलडीसीपी बिरादरी ने एसएमएस-2 को 785 टन, एसएमएस-3 को 1195 टन तथा सिंटर प्लांट्स को 516 टन डिस्पैच कर कुल 2496 टन का अब तक की सर्वश्रेष्ठ दैनिक डिस्पैच दर्ज किया है। 20 दिसंबर 2022 को प्लांट के ओर हैंडलिंग प्लांट (ओएचपी) ने ए शिफ्ट में 275 वैगन अनलोड कर वैगन अनलोडिंग का दैनिक रिकॉर्ड दर्ज किया। ओएचपी ने यह रिकॉर्ड 3 दिसंबर 2022 की बी शिफ्ट में दर्ज 270 वैगनों की अनलोडिंग को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया।

# मुख्यमंत्री की घोषणा: सरसींवा बनेगा तहसील, सरसींवा और पवनी बनेंगे नगर पंचायत

श्रीकंचनपथ न्यूज

### बिलाईगढ़ में खुलेगी नवीन जिला सहकारी बैंक की शाखा और

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में होगा उन्नयन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत आज नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ जिले के बिलाईगढ़ विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसींवा पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने ग्रामीणों से सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जमीनी हकीकत की जानकारी भी ली एवं अधिकारियों को इसके निराकरण के लिए निर्देशित भी किया।

मुख्यमंत्री ने यहां पर आम जनता की सुविधा के लिए सरसींवा को नवीन तहसील बनाए जाने एवं सरसींवा और पवनी को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सरसींवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन, बिलाईगढ़ में नवीन जिला सहकारी बैंक की शाखा, बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की बिस्तर क्षमता 30 बिस्तर से बढ़ा कर 50 बिस्तर किए जाने सहित बिलाईगढ़ नगर पंचायत में बस्ती पहुंचने एवं बस्ती से बाजार पहुंचने हेतु पुलिया का निर्माण हेतु राशि की स्वीकृति किए जाने की घोषणा की। इस मौके पर स्कूली शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल, संसदीय सचिव श्री चन्द्रदेव प्रसाद राय, अ.जा. विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्राम धोबनी के किसान कोमल प्रसाद साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनका एक लाख 10 हजार का ऋण माफहो गया है। उन्हें अब तक राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत तीन किस्त मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि वे जैविक पद्धति से बैगन की खेती करते हैं। पांच साल धान की खेती के बराबर लाभ एक साल के बैगन की खेती से होता है। पिछले साल बैगन की खेती से 5 लाख रुपए का फायदा हुआ है। जैविक खेती से जमीन की उर्वरता बढ़ी है। प्रमिला यादव ने बताया कि स्व सहायता समूह से जुड़कर उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। वह वर्मी कंपोस्ट, मछली पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन, कड़कनाथ पालन जैसी आयमूलक गतिविधियां कर रही हैं। इससे अब तक उसे 45 हजार रुपए से अधिक की आमदनी हुई है।

कैथा निवासी सुदर्शन दास की मांग पर कलेक्टर को मनरेगा और गौठान में काम दिलाने तथा राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत राशि देने एवं उनकी बीमारी का इलाज कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में चेतन बाई महिलांग ने कहा कि उनका एक लाख 56 हजार की ऋण की माफी हुई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नरेश कुमार को सेलून खोलने के लिए 2 लाख रुपए की सहायता राशि देने की स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम की शुरूआत में भेंट मुलाकात का अनुभव बांटते हुए कहा कि भेंट मुलाकात के दौरान एक 40 वर्षीय महिला गेड़ी लेकर आई थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की गेड़ी प्रतियोगिता में प्रथम आई थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से अब महिलाएं भी अपने बचपन में खेले जाने वाले खेल फिर से खेल पा रही हैं। उन्होंने कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किया।

इनमें बिलाईगढ़ और भटगांव के 8 दिव्यांगजनों को ट्रायसायकल और दो दिव्यांगजनों को वैशाखी के साथ ही स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ग्राम सरसीवां में नेतराज कुर्रे के घर रामनामी समुदाय के लोगों के साथ छत्तीसगढ़ी पारंपरिक भोजन का स्वाद लिया। उन्हें भोजन में चावल, खीर, रोटी, लाल भाजी, तिवरा भाजी, करेला भाजी, बैंगन, मटर,आलू, सेमी, फूलगोभी मिक्स, पालक, आलू की सब्जी दाल, सहित सील से पीसे टमाटर चटनी परोसा गया। मुख्यमंत्री ने कुर्रे के परिवरवालों को स्वादिष्ट भोजन के लिए धन्यवाद दिया।

# मंथिर देशमुख ने की देहदान की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। छ.ग राज्य विद्युत मंडल के सेवानिवृत अधीक्षण यंत्री मंथिर लाल देशमुख (75 वर्ष) ने अपने देहदान की घोषणा कर वसीयत नव दृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, हरमन दुलई,रितेश जैन ,मुकेश राठी,किरपा सिंह को सौंपी। रिसाली भिलाई निवासी एम एल देशमुख अपने पुत्र शम्भू नाथ देशमुख,नरेश चंद्र देशमुख के साथ दुर्ग पहुँच दोनों पुत्रों की सहमति से देहदान की वसीयत सौंपी।




एम एल देशमुख ने कहा उनके बिजली विभाग में उन्होंने लोगों की सेवा की अब मन में काफी दिनों से देहदान करने की इच्छा थी ताकि इस संसार से जाने के बाद उनका शरीर समाज के कार्य आए एवं मेडिकल के छात्र रिसर्च कर सकें व् दो लोगो को उनके नेत्रों से रौशनी मिल सके तो मेरा जीवन सार्थक होगा और अब उन्होंने नव दृष्टि के सदस्यों से संपर्क कर नव दृष्टि के माध्यम से अपनी इच्छा पूर्ण की। नवदृष्टि फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य प्रवीण तिवारी ने कहा श्री एम एल देशमुख के देहदान के निर्णय से विभाग व समाज के लोगों को देहदान हेतु प्रेरणा मिलेगी व आशा है लोग देहदान के प्रति जागरूक होंगे। नवदृष्टि फाउंडेशन के किरण भंडारी ने कहा हमारी संस्था लगतार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं व लोगों की देहदान व नेत्रदान के प्रति सोच बदली है अब लोग स्वस्फूर्त ही देहदान व नेत्रदान हेतु सामने आ रहे हैं एवं यदि कोई देहदान हेतु सहयोग या मार्गदर्शन चाहता है तो हमारी संस्था के सदस्यों से सहयोग ले सकता है या 9826156000 /9827190500 इन नंबर पर फ़ोन कर मार्गदर्शन ले सकता है। नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई,किरण भंडारी, रितेश जैन,जितेंद्र हासवानी, उज्जवल पींचा ,सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन, राजेश पारख,पियूष मालवीय, विकास जायसवाल मुकेश राठी, प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ ,सूरज साहू संतोष राजपुरोहित, चेतन जैन,दीपक बंसल, जितेंद्र कारिया,अभिजीत पारख,सपन जैन,मोहित अग्रवाल ने एम एल देशमुख को साधु वाद दिया व देहदान के निर्णय का स्वागत किया।

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### पिकनिक मनाने गए 8 दोस्त, 2 नदी में डूबे: नहाने के दौरान गहराई में जाने से हादसा

**जांजगीर-चांपा (ए)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में 2 छात्र नदी में डूब गए हैं। 8 दोस्त पिकनिक मनाने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान हसदेव नदी में नहाने के दौरान ये हादसा हो गया है। घटना के बाद कई घंटे बीत जाने के बाद भी इन दोनों का कुछ पता नहीं चल सका है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, बलौदा निवासी प्रांजल देवांगन(17) और दिव्यांशु कटकवार(16) अपने 6 और दोस्तों के साथ मंगलवार को पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली गए थे। यहां सभी ने पहले खाना खाया। इसके बाद दिव्यांश और प्रांजल हसदेव नदी में नहाने चले गए थे। बताया जा रहा है कि दिव्यांश और प्रांजल नदी में जिस वक्त नहाने गए थे। बाकी के दोस्त बाहर ही घूम रहे थे। दोनों नहा रहे थे। इसी बीच दोपहर को करीब 3 बजे दोनों के चिल्लाने की आवाज आने लगी। दोनों गहराई में चले गए थे। इसी दौरान बाकी के साथियों ने उन्हें डूबता हुआ देखा। इस पर कुछ ने नदी में छलांग भी लगाई। मगर तब तक दोनों नदी में डूब चुके थे। घटना के बाद छात्रों ने दोनों की काफी तलाश की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस बीच इन्हीं छात्रों ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी परिजनों और पुलिस को दी। जिसके बाद गोताखोर और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फिर रेस्क्यू ऑपरेशन भी चलाया गया। मगर देर शाम तक दोनों का कुछ पता नहीं चल सका है।

### मिनी बैंक में चोरी करने वाले नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर (ए)।** जिले के पंजाब नेशनल बैंक (कियोस्क मिनी बैंक) से 21 दिन पहले लैपटॉप, स्वाइप मशीन, एक हजार नकद चोरी करने वाला नाबालिग सहित दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि 29 नवंबर की रात पंजाब नेशनल बैंक में सुखन राम की दुकान में घुसकर 1 लैपटॉप, 1 एटीएम स्वाइप मशीन, 1 माउस और एक हजार रुपए चोर चोरी कर भाग गया था। केस दर्ज कर पुलिस चोर की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम केनापारा बलरामपुर निवासी 18 वर्षीय अनीश एक्का पिता संजित एक्का व ग्राम बरियो निवासी नाबालिग को चौकी लाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया।

### ट्रक और कार में हुई जोरदार टक्कर, चालक झुलसा

**बिलासपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलपसुर में ट्रक और कारकी जबरदस्त भिड़ंत हो गयी। ये टक्कर इतनी जोरदार थी की कार में आग लग गई। जानकारी के अनुसार, इस हादसे के दौरान कार में बैठा व्यक्ति किसी तरह कांच तोड़कर बाहर निकल गया लेकिन चालक बुरी तरह झुलस गया। जिसका इलाज सिम्स में चल रहा है। शहर के मगरपारा में रहने वाला सैय्यद परवेज सकरी में ताज होटल का संचालक है। होटल बंद करके वो वापस ही आ रहा था। इसी बीच ये हादसा हुआ। जिसमें ट्रक से टकराने की वजह से कार में आग लग गई।

# पति-पत्नी की गोली मारकर हत्या, चार माह बाद पकड़ाया मास्टर माइंड, हत्या व लूट के कई मामलों में शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** चार माह पहले जशपुर में पति-पत्नी की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने मास्टर माइंड को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं इस मामले में पुलिस ने अब दो आरोपियों को जगदीश सिदार एवं जीतू चौहान गिरफ्तार किया है। इनमें जगदीश सिदार ने पति-पत्नी की हत्या की सुपारी ली थी। दोनों आरोपी आदतन बदमाश हैं और इनके खिलाफ थाना तपकरा, कांसाबेल, बगीचा एवं जिला कोरबा के थाना श्यांग में भी अपराध दर्ज है। जगदीश सिदार पर एक और हत्या का मामला भी दर्ज है। आरोपियों के पास पुलिस ने पीकअप वाहन, दो मोटर सायकल व दो मोबाईल फोन जब्त किए हैं।



बता दें 9 जुलाई 2022 की रात लगभग 10 बजे ग्राम जामुण्डा चौकी दोकड़ा थाना कांसाबेल में संदीप पन्ना (35) तथा द्रोपति बाई (35) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतिका द्रोपति बाई के पूर्व पति जयनाथ सिंह रिपोर्ट पर थाना कांसाबेल में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ302, 120(बी) भा.द.वि. एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने दर्शन रौतिया, संदीप राम, शिवमंगल उर्फ बंदरा, कृष्णा दास गोस्वामी, लखन उरांव व लालकुमार चौहान गिरफ्तार किया जा चुका था। वहीं दो आरोपी जगदीश सिदार एवं जीतू चौहान फरार थे जिन्हें मंगलवार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि 9 जुलाई 2022 को जगदीश सिदार झारखंड से द्रौपदी एवं संदीप पन्ना की हत्या करने के लिये कृष्णा दास तथा लखन उरांव को कार में लेकर कांसाबेल आया था। कांसाबेल पहुंचने के बाद अपने साथी जीतू चौहान, शिवमंगल राम, संदीप राम तथा दर्शन रौतिया को कांसाबेल बुलाया था। कांसाबेल के पास डंडाजोर जंगल में सभी मिलकर द्रोपदी एवं संदीप पन्ना की हत्या करने की योजना बनाई। उसी दिन शाम 7 बजे कटंगखार के मरघट भदरा में सभी एकत्र हुए। वहां धरमजयगढ़ निवासी लालकुमार चौहान उर्फ कोते भी आया। सभी मिलकर शराब पार्टी की। वहीं पर दर्षन रौतिया ने 1 लाख 20 को जगदीश सिदार को नगद दिया।

इसके बाद कृष्णा दास, लखन उरांव, कोते, संदीप राम एवं शिवमंगल द्रोपदी के घर के पास पहुंचे। जगदीश सिदार तथा जीतू चौहान लगभग 500 मीटर दूर गाड़ी लेकर खड़े थे। कृष्णा दास, लखन उरांव एवं लालकुमार चौहान ने उनके घर पास जाकर शराब के लिए चिल्लाए। आवाज सुनकर संदीप पन्ना बाहर निकला तो उसे सबसे पहले सिर के पीछे गोली मार दी। जिससे वह झुककर बैठ गया तो फिर एक बार सिर के पीछे गोली मार दी। नजारा देख द्रोपदी भागने लगी तो उसके बांये कनपटी में सटाकर गोली मारकर हत्या कर दी। और फरार हो गए थे। घटना के बाद बाकि आरोपी पकड़ा गए वहीं दो आरोपी फरार थे जिन्हें गिरफ्तार किया गया।

### बकरी चोरी करने गए और बुजुर्ग की थी हत्या

इससे पहले जगदीश सिदार, जीतू चौहान एवं कृष्णा दास गोस्वामी मिलकर 28 नवंबर 2018 में ग्राम धुरियाअंबा बुजुर्ग सरदयाल राम (75) की हत्या कर दी थी। बुजुर्ग अपनी पत्नी आहता कुंदनी बाई उम्र 70 साल अपने घर के परछी में बैठकर आग ताप रहे थे। इस दौरान तीनों पहुंचे और घर में घुसकर 13 बकरा-बकरी को अपनी पीकअप में लाद रहे थे। विरोध करने पर जगदीश सिदार ने सरदयाल के सिर पर लोहे की दौली से वार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। यही नहीं इस दौरान कृष्णा दास गोस्वामी ने बुजुर्ग की पत्नी कुंदनी बाई दीवार पर दे मारा था जिससे वह बेहोश हो गई थी। इस मामले में भी पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कृष्णा दास को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर वालों को घर से बुलाकर मारा चाकू, तीन नाबालिग सहित 6 आरोपी गिरफ्तार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** मेले में बहन को छेड़ने का विरोध करने पर भाई व उसके साथियों को घर से बुलाकर मारपीट की। यही नहीं इन पर चाकू से भी हमला किया गया। घटना से तीन युवकों को गंभीर चोटें आई। इस मामले में शिकायत के बाद मोहन नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर चंद घंटों में ही आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में पुलिस ने तीन नाबालिग सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कातुलबोड निवासी लक्की यादव ने सोमवार को शिकायत दर्ज कराई थी। उसने अपनी शिकायत में बताया कि घासीदास जयंती की रात सतनाम भवन वार्षिक मेला देखने गया था। वहां उसकी बहन से छिटाकसी की बात को लेकर कुछ युवको बहस हो गयी थी। कुछ देर बाद आपसी समझाइश से मामला शांत हो गया। इसके बाद राम 9.15 बजे कार्यक्रम देखने दौरान आदिल खान और उसका साथी आए और लक्की यादव, रवि जांगडे, पुनेश्वर गुप्ता को बुलाकर आमा तालाब की ओर लेकर गए। यहां पर आदिल खान, आकिब खान व चन्द्रभान उर्फ साहिल पुरोहित ने मिलकर चाकू व डंडे से मारपीट की। मारपीट से रवि जांगडे, राजा निर्मलकर एवं हिमांशु सिमनकर को गंभीर चोटे लगी है। शिकायत के बाद आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506 बी, 307, 147, 148, 149 के तहत अपराध दर्ज किया गया। वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी आदिल खान, आकिव खान, चन्द्रभान उर्फ साहिल पुरोहित एवं 03 अपचारी बालको को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## अपना बताकर दूसरे की जमीन का कर दिया सौदा रजिस्ट्री के लिए घुमाता रहा, अब हुआ एफआईआर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कोहका के रहने वाले एक शख्स के साथ जमीन की सौदेबाजी में फर्जीवाड़ा किया गया। नंदिनी नगर थाना क्षेत्र निवासी आरोपी ने दूसरे की 2 एकड़ जमीन को अपना बताकर 24 लाख में सौदा किया और 50 रुपए के स्टांप पर 3 लाख रुपए एडवांस भी ले लिया। एडवांस लेने के बाद चार साल तक रजिस्ट्री के लिए घुमाता रहा। बाद में पता चला कि वह जमीन उसकी है ही नहीं। इसके बाद अपने पैसे मांगने पर आरोपी ने उसे फर्जी चेक दे दिया। इस मामले में शिकायत हुई तो नंदिनी पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया।




मिली जानकारी के अनुसार कोहका निवासी बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई करने वाले जावेद सिद्धिकी ने ग्राम अरसनारा निवासी खेमंचद साहु से 7 जुलाई 2018 को दो एकड़ जमीन का सौदा किया था। इसके एवज में 3 लाख रुपए एडवांस देकर 50 रुपए स्टांप पर इकरारनामा भी बनाया। जावेद को तब यह नहीं पता था कि जिस जमीन का उसने सौदा किया वह किसी दूसरे की।

इधर एडवांस लेने के बाद भी खेमचंद जमीन की रजिस्ट्री नहीं कर रहा था। लगभग चार साल से खेमराज साहू रजिस्ट्री के लिए घुमा रहा था। जब भी रजिस्ट्री की बात होती तो किसी ने किसी तरह से टाल मटोल कर देता। आखिरकार जावेद को पता चला कि वह जमीन उसकी नहीं बल्कि विजय सतनामी नाम के व्यक्ति की है। इसके बाद जावेद जमीन के मूल स्वामी से मिला तो उसने बताया जमीन के सौदे के लिए उसने खेमचंद को नहीं कहा। यहां तक उसने बताया कि वह खेमचंद को जानता भी नहीं।

खेमचंद की पोल खुलने के बाद जावेद उसके पास अपने पैसे मांगने के लिए पहुंचा तो उसने उसे ओरियटल बैक ऑफ कामर्स दुर्ग का चेक दिया। जावेद चेक भुनाने जब बैंक पहुंचा तो पता चला कि उक्त खाता तो जमाने से बंद पड़ा है। इसके बाद जावेद ने नंदिनी थाने में शिकायत दर्ज कराई। जावेद की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी फरार बताया जा रहा है।

## सीमेंट ईंट बनाती नाबालिग के हाथ के हुए 2 टुकड़े: मिक्सर मशीन में फंसा हाथ, कटे अंग को लेकर अस्पताल पहुंचे मुंशी

**जगदलपुर (ए)।** बस्तर जिले में सीमेंट ईंट बनाती एक नाबालिग युवती का मिक्सर मशीन में हाथ फंस गया। जिससे हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया। घायल नाबालिग और उसके कटे हाथ को लेकर परिजन और मुंशी डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंचे। घायल नाबालिग का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि, सीमेंट ईंट फैक्ट्री में नाबालिग मजदूरी का काम करती थी। मामला दरभा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से करीब 40 किमी दूर दरभा में रविवार को हादसा हुआ है। नाबालिग लड़की मिक्सर मशीन में सीमेंट समेत अन्य मटेरियल डाल रही थी। इस दौरान उसका सीधा हाथ मशीन में फंस गया। जिससे हाथ कट गया। एक हिस्सा कट कर मशीन के अंदर ही गिर गया। हादसे के बाद नाबालिग बेहोश हो गई थी। मौके पर मौजूद फैक्ट्री के मुंशी ने इस हादसे की जानकारी नाबालिग के परिजनों को दी।

जिसके बाद नाबालिग के परिजन मौके पर पहुंचे। मुंशी और नाबालिग के पिता घायल और उसके कटे हाथ को लेकर डिमरापाल मेडिकल अस्पताल लेकर आए। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि, कोहनी के नीचे का हिस्सा अलग हो गया है। अस्पताल लेट लाया गया। अब हाथ जुड़ना मुश्किल है। सोमवार को ऑपरेशन किया गया है।

# उतई में हादसा, हाइवा की चपेट में आया रिटायर्ड शिक्षक, मौके पर मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** उतई थाना क्षेत्र में मंगलवार को सड़क हादसे में रिटायर्ड शिक्षक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि रिटायर्ड शिक्षक घर लौट रहा था इस दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची उतई पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।



उतई पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार यहां के महीमा अस्पताल के पास सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार हाइवा ने घर लौट रहे रिटायर्ड शिक्षक नरोत्तम साहू को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयानक था कि नारोत्तम साहू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया था। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। इधर हादसे के बाद हाइवा चालक फरार हो गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर में बनेंगी सड़कें और नाली, भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 28 प्रेम नगर में सड़क और नाली का निर्माण किया जाएगा। जिसका भूमि पूजन आज सभापति गिरवर बंटी साहू एवं वार्ड पार्षद शारदा राय ने किया। इस अवसर पर क्रेडा सदस्य विजय साहू और जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। अधोसंरचना की निधि से दोनों ही निर्माण कार्य किए जाएंगे। छः लाख की लागत से सड़क का सीमेंटीकरण तथा चार लाख की लागत से नाली का निर्माण किया जाएगा। नाली निर्माण हो जाने से बरसात में मोहल्ले में पानी भरने की समस्या समाप्त हो जाएगी तो वही बरसाती पानी नाली के माध्यम से होकर निकल जाएगी। पानी निकासी नाली निर्माण के चलते सुगम हो पाएगा। सड़क सीमेंटीकरण हो जाने से आवागमन में सुविधा होगी। काफी समय से वार्ड वासी इस कार्य की मांग कर रहे थे जिसको देखते हुए स्थानीय पार्षद ने तत्परता दिखाते हुए महापौर नीरज पाल के मार्गदर्शन के चलते कार्य को स्वीकृत कराया और आज भूमिपूजन कर काम को चालू कराया। भूमिपूजन के दौरान बड़ी संख्या में वार्ड के निवासी उपस्थित रहे।

### सघन टीबी-कुष्ठ खोज अभियान के अंतर्गत करेली में लगा शिविर

**दुर्ग।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में टीबी व कुष्ठ रोग को मिटाने के लिए ष्सघन टीबी-कुष्ठ खोज अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 21 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में हर एक मरीज की स्क्रीनिंग एवं उपचार का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में घर-घर भ्रमण कर टीबी एवं कुष्ठ रोग के लक्षण के आधार पर संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है, जिसमें टीबी चैंपियंस भी प्रमुख भागीदारी निभा रहे हैं। सघन टीबी-कुष्ठ खोज अभियान के अंतर्गत धमधा ब्लाक के करेली गांव में भी टीबी व कुष्ठ रोग की जांच की गई तथा संभावित टीबी ग्रस्त व्यक्तियों को बलगम जांच कराने के लिए कंटेनर दिया गया। इस दौरान टीबी चैंपियन लालेंद्र साहू व खुशबू साहू की टीम ने ग्रामीणों को टीबी रोग क्या है और यह कैसे फैलता है, टीबी के प्रकार, टीबी के लक्षण, निक्षय पोषण योजना, निक्षय संपर्क नंबर, टीबी आरोग्य साथी एप, एचआईवी और शुगर के विषय में जानकारी दी। साथ ही टीबी, कुष्ठ व एचवाईवी रोग के उपचार हेतु निःशुल्क जांच व सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम ने बताया: जिले में टीबी व कुष्ठ रोग की रोकथाम के लिए युद्धस्तर पर मरीजों की पहचान और त्वरित इलाज की व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम्र का मुख्य उद्देश्य लोगों में टीबी-कुष्ठ की बढ़ती समस्या और उसके प्रसार को रोकना है। टीबी रोग के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया : तीन सप्ताह या अधिक समय खांसी, लंबे समय से बुखार और शाम के दौरान बुखार का बढ़ जाना, सांस फूलना, लगातार वजन घटने, सीने में दर्द, बलगम के साथ खून आना, बार-बार लूज मोशन होने की स्थितियों में टीबी की जांच अवश्य करवाना चाहिए। वहीं कुष्ठ रोग के संबंध में उन्होंने बतायारू ष्कुष्ठ रोग के कारण प्रभावित अंगों में अक्षमता एवं विकृति आ जाती है।

### रायपुर के बाद भिलाई चेम्बर में सबसे ज्यादा सदस्य

# 3000 सदस्य पूरे होने पर भिलाई चेम्बर ने मनाया चेम्बर गौरव दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, भिलाई इकाई द्वारा चेम्बर गौरव दिवस मनाया गया। भिलाई चेम्बर के 3000 सदस्य पूरे होने के उपलक्ष्य में आज यह आयोजन उत्सव भवन सुंदर नगर में किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में व्यापारी एवं उद्योगपति शामिल हुए। चेम्बर गौरव दिवस के तहत आज भिलाई चेम्बर की विभिन्न शाखाओं द्वारा सदस्यों एवं प्रतिष्ठानों में कार्यरत स्टाफके लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। संध्याकालीन में आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से शदाणी दरबार के नवम गुरु संत युधिष्ठिर लाल भी उपस्थित थे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी उपस्थित रहे।**







प्रदेश चेम्बर के महामंत्री अजय भसीन ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई चेम्बर परिवार अब 3 हजार सदस्यों का हो गया है, जिसके उपलक्ष्य में चेम्बर द्वारा उत्सव व्यापारियों का - चेम्बर गौरव दिवस मना रहा है। जिसमें सर्वप्रथम प्रतिष्ठानों में कार्यरत स्टाफ के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों को कार्यस्थल पर किस तरह व्यवहार करना सहित उनके व्यक्तित्व विकास संबंधी टिप्स वक्ता नीशू पाण्डेय व अमित महाजन द्वारा दिये गये। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्टाफ मेंबर उपस्थित थे, जिन्हें चेम्बर द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। संध्याकालीन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने भिलाई चेम्बर की प्रशंसा करते हुए कहा कि 3000 सदस्यों का परिवार बना भिलाई चेम्बर आप सभी बधाई के पात्र है।

भिलाई चेम्बर व्यापारिक हित के लिए सदैव सक्रिय रहता है ये व्यापारियों का उत्सव आपकी सफलता को प्रदर्शित कर रहा है। उन्होंने व्यापारी साथियों को संगठित रहते हुए सदैव व्यापारी हित में कार्य करने की बात कही। उन्होंने संगठन की शक्ति एकता में है और भिलाई चेम्बर एकजुट होकर जिस निष्ठा के कार्य कर रहा है वह सभी के लिए प्रेरणादायी है। न केवल व्यापारी हित बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी भिलाई चेम्बर सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। निश्चित तौर पर यह एक बड़ी उपलब्धि है और हम सभी के लिए यह गर्व का विषय भी है।

#### व्यापार में वृद्धि के दिये टिप्स

कार्यक्रम में उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. भूपेंद्र सिंह राठौर ने व्यापारियों को व्यापार में वृद्धि के लिए जरूरी टिप्स दिये। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यापार में वृद्धि के लिए बड़ी सोच होना बहुत जरूरी है, जब तक आप किसी कार्य के लिए विजन नहीं बनायेंगे तब तक वह त्वरित गति से नहीं संचालित हो सकता है। वहीं व्यापार में कमिटमेंट का बहुत अहम योगदान होता है, इसके बगैर व्यापार वृद्धि नहीं हो सकता। व्यापार में आपको अपनी क्षमता से ज्यादा कमिट करते हुए उससे भी बहुत ज्यादा डिलीवर करना चाहिये। इससे ही आप व्यापार में प्रगति कर पायेंगे, साथ ही आपकी क्षमता में वृद्धि होगी। प्रेरक कार्यक्रम के पश्चात भिलाई चेम्बर द्वारा स्पीकर श्री राठौर का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

तत्पश्चात महिला चेम्बर द्वारा व्यापार व उद्योग में महिलाओं की सहभागिता विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। साथ ही महिला चेम्बर रत्न, चेम्बर गौरव, चेम्बर सखी सम्मान वितरीत किये गये। जिसमें श्रीमती मीनाक्षी टूटेजा को चेम्बर रत्न सौंपा गया। वहीं श्रीमती गीता वर्मा, श्रीमती रश्मि वर्मा, श्रीमती शुभलक्ष्मी शेखरन को महिला चेम्बर गौरव, श्रीमती स्मिता दोड़के, डॉ. मानसी गुलाटी, श्रीमती सरिता मिश्रा को महिला चेम्बर सखी सम्मान दिया गया। वहीं श्रीमती सुनीता सोनी, श्रीमती पूजा वर्मा, श्रीमती पुष्पलता वर्मा, श्रीमती सविता शर्मा, श्रीमती उर्वशी दास, श्रीमती विजयलक्ष्मी शाह, श्रीमती माधुरी पाराशर, श्रीमती टीना सातपुते, श्रीमती दमयंती सोनी व श्रीमती राजकुमार अग्रवाल को महिला चेम्बर स्टार सम्मान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती दीपा मध्यानी व विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती मधु अरोरा एवं श्रीमती पायल जैन उपस्थित थीं। कार्यक्रम की अगली कड़ी में भिलाई उद्योग चेम्बर द्वारा जेम पोर्टल व जीएसटी संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ता के रूप में सीए श्रीचंद लेखवानी, सीए प्रियेश लेखवानी, डीआईसी से तुषार त्रिपाठी, चेम्बर प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बंसल उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने विषय संबंधी आवश्यक जानकारियां उपस्थितजनों को दी। तत्पश्चात उद्योग चेम्बर द्वारा विभिन्न पुरस्कार वितरण किये गये। जिसमें सत्यनारायण अग्रवाल, रतनदास गुप्ता, प्रेमचंद देवांगन, अतुलचंद साहू व के.के. झा को उद्योग चेम्बर मित्र सम्मान दिया गया।

वहीं करमजीत सिंह बेदी, नरसिंग कुकरेजा, बृजमोहन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, निलाद्री शाहा, दिलीप अग्रवाल, भीखमचंद जैन, सुशील जैन व अजीत सिंह को उद्योग चेम्बर गौरव एवं आशीष कुशवाहा, अनुपम पांडे, रोहित भसीन, आदित्य शुक्ला व कुलदीप लालवानी को उद्योग चेम्बर विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।

#### स्व. प्रताप मध्यानी को चेम्बर रत्न

भिलाई चेम्बर द्वारा सर्वोच्च सम्मान चेम्बर रत्न से स्व. प्रताप मध्यानी जी का सम्मान किया गया है। उनका यह सम्मान सुनील मध्यानी ने प्राप्त किया। वहीं चेम्बर गौरव सम्मन दयाराम बत्रा, भीमसेन सतपाल, बंशी अग्रवाल, सुनील जैन, शमन लाल नथानी, कैलाश नाहटा, एस के अग्रवाल, शिरीष अग्रवाल, अमित महाजन, जय गेहानी, अजय खत्री व संतोष गेहानी को दिया गया। इसी क्रम में सामाजिक संस्थाएं जो चेम्बर के साथ सहयोग करती है उनका भी सम्मान किया गया। जिसमें समर्पण, पंचशील पंजाबी एसो., सिख समाज, आर्शीवाद ब्लड बैंक, सुंदर नगर सोसायटी व सर्कुलर मार्केट से ललन तिवारी को सम्मानित किया गया। कर्मवीर का सम्मान जेपी गुप्ता, महेश बंसल व मनोज बक्तानि को दिया गया। सदस्यता के नायक व चेम्बर के योद्धा में भी अनेक सदस्यों को सम्मानित किया गया।

## 10 दिवसीय विधायक ट्रॉफी का आगाजः मंत्री ताम्रध्वज साहू उतरे पिच पर, विधानसभा स्तरीय छत्तसीगढ़ी ओलंपिक का भी होगा आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्तरीय विधायक ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत आज से अंडा गांव के गांधी भांठा मैदान में हो गया। इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू पिच पर उतरे और बल्ला घुमा कर इस प्रतियोगिता का उदघाटन किया गया।



पहली बार आयोजित दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्तरीय विधायक ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन के लिए मुख्य अतिथि व क्षेत्रीय विधायक ताम्रध्वज साहू अंडा गांव के गांधी भांठा खेल मैदान पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा अर्चना कर उद्घाटन के लिए पिच पर उतरे और बल्ले पर अपना हाथ आजमाया। इसके पश्चात आज खेलने वाली टीमों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई और क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन समिति की ओर से दी जाने वाली ड्रेस कोड भी खिलाड़ियों को प्रदान किया गया। मंचासीन मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू का स्वागत आयोजन समिति की ओर से कांग्रेस के युवा नेता दिग्विजय सिन्हा ने किया। प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि इस प्रतियोगिता के बाद हम पहली बार विधानसभा स्तरीय छत्तीसगढ़ी ओलंपिक खेल का भी आयोजन करने जा रहे हैं। इस आयोजन के लिए उन्होंने युवा नेता दिग्विजय सिन्हा को उनकी टीम सहित शुभकामनाएं भी दी। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर दिन भर आयोजित होने वाले विभिन्न अनेक कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में भी बताया। प्रतियोगिता के सरक्षंक हर्ष साहू ने सभी टीमों को बधाई देते हुये कहा कि खिलाड़ियों को मैदान के अंदर खेल में हार जीत को भुलाकर अच्छे प्रदर्शन और अच्छा व्यवहार करना चाहिए। खेल भावना के साथ खेल खेलना चाहिए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, शालनी रिवेंन्द्र यादव, विशेष अतिथि ,अध्यक्ष केश कला बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण बोर्ड केशव बंटी हरमुख, महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी जितेंद्र साहू, सदस्य मंडी बोर्ड तारकेश्वर चन्द्राकर, उमादेवी चन्द्राकर सरपंच ग्राम पंचायत अंडा आसपास दुर्गग्रामीण विधानसभा सरपंच गण नगर निगम रिसाली एल्डरमैन एवं पार्षद गण समस्त राजीव युवा मितान क्लब उपस्थित थे।

## अंडर ब्रिज के पास सड़क बाधा कर सामान फैलाकर कर रहे थे कपड़ा का व्यवसाय, निगम की टीम ने किया बेदखल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सड़क बाधा कर तथा सामान फैलाकर व्यवसाय करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। बाजार हो या रहवासी क्षेत्र कहीं भी दुकान के आगे सड़क पर सामान रखकर आवागमन को बाधित करते हुए पाए जाने पर सामान जप्ती के साथ अर्थदण्ड वसूलने की कार्रवाई की जा रही है, निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सड़क बाधा कर आवागमन अवरूद्ध करने वालो खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए है, इसके परिपालन में जोन स्तर पर टीम गठित की गई है जो इधर उधर कचरा फेंककर गंदगी फैलाने, डस्टबीन नहीं रखने और सड़क पर सामान फैलाकर आवागमन को बाधित करने वाले के विरूद्ध सख्त कार्रवाई कर रहे है, पिछले दो दिनों पर 37 से अधिक स्थान पर कार्रवाई की गई है, इसी के तहत आज प्रियदर्शनी परिसर के पास सड़क को बाधित कर सड़क किनारे कपड़े का व्यवसाय करने वालों को बेदखल किया गया। जोन के सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर ने बताया कि शॉल, स्वेटर, गमछा जैसे गर्म कपड़े के व्यवसाय करने वाले कुछ दिनों से अंडरब्रिज के पास सुबह से दुकान लगाकर व्यवसाय कर रहे थे, जहां बेतरतीब तरीके से वाहनों का जमवाड़ा लग रहा था, जिसके कारण वहां भीड़ भाड़ जमा होने से सुबह से लेकर शाम तक यातायात प्रभावित हो रहा था।

### मेगा एंप्लायमेंट फेयर की तैयारियां पूरी, प्रदेश भर से बड़ी संख्या में युवाओं के जुटने की उम्मीद

# आईटीआई भिलाई में 6 सेक्टरों के नियोक्ता जुटेंगे और इतने ही नियोक्ता लाइवलीहुड कालेज में

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। जिले में अब तक के सबसे बड़े मेगा एंप्लायमेंट फेयर की तैयारियां पूर हो चुकी हैं। आज सुबह समयसीमा की बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई ने इसकी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर से यहां आवेदक जुटेंगे। कार्यक्रम स्थल पर इनके रजिस्ट्रेशन की कार्रवाई समय पर पूरी हो जाए। चूंकि यह रोजगार को लेकर अब तक का सबसे बड़ा आयोजन है अतएव बड़ी संख्या में युवाओं के जुटने की उम्मीद है। इसे देखते हुए दो स्थल चिन्हांकित किये गये हैं। दोनों ही स्थलों में छह-छह सेक्टर्स के नियोक्ता जुटेंगे।**



आयोजन स्थल लाइवलीहुड कालेज और शासकीय आईटीआई, पावर हाउस भिलाई रखा गया है। अपर कलेक्टर ने स्थल पर मोबाइल मेडिकल वैन की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये। साथ ही पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में निगम अधिकारियों को निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि 70 से अधिक नियोक्ता इस मेगा फेयर में जुट रहे हैं। अपर कलेक्टर श्री अरविंद एक्का ने कहा कि अग्निवीर भर्ती के समय डाटा एंट्री आपरेटर्स की जिस टीम ने कार्य किया था। उनका काम काफी अच्छा था, फेयर के दौरान भी उनकी सेवाएं ली जाएं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, दुर्ग निगम आयुक्त लक्ष्मण तिवारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

हास्पिटैलिटी और लाजिस्टिक जैसे सेक्टर में भी रोजगार- इस रोजगार मेले में 42 हजार से अधिक रोजगार के अवसर रखे गये हैं। खास बात यह है कि लाजिस्टिक और हास्पिटिलिटी जैसे नये करियर के विकल्प भी यहां खुले हैं। उप संचालक जनशक्ति नियोजन ने बताया कि देश भर में प्रतिष्ठित नियोक्ताओं से राज्यस्तरीय अधिकारियों ने संपर्क किया और उन्हें आमंत्रित किया। यह बहुत अच्छा अवसर है जब एक कैंपस में ही लोगों को रोजगार सृजन का मौका मिल सकेगा।

जनदर्शन के आवेदनों को समय पर प्रभावी ढंग से निराकृत करें- अपर कलेक्टर ने आज बैठक में जनदर्शन के आवेदनों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि सभी आवेदन समयसीमा पर हल हों और इनका गुणवत्तापूर्वक निराकरण हो। उन्होंने कहा कि जिलास्तरीय अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर आवेदनकर्ताओं से मिले और वस्तुस्थिति का परीक्षण कर मामले का प्रभावी निराकरण करें। 22 दिसंबर को करंजा में जिलास्तरीय प्रशासन तुंहर द्वार का शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पूर्व से भी आवेदन प्राप्त कर लें ताकि मौके पर ही नागरिकों को उनके आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में बताया जा सके। निष्प्रयोज्य वस्तुओं का डिस्पोजल करें, कार्यालय भी व्यवस्थित रखें- अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यालयों को व्यवस्थित रखना है। फाइलों को सही तरह से जमाकर रखना है। इन्हें चिन्हांकित कर आसानी से समय पड़ने पर अविलंब प्राप्त किया जाए, इसके लिए व्यवस्था बनाएं। निष्प्रयोज्य वस्तुओं का डिस्पोजल करें तथा इससे अवगत कराएं। एक ही टेबल पर काफी समय से कार्य कर रहे कर्मचारियों का टेबल रोटेशन करें।

## जन समस्या निवारण शिविर में अब तक 3292 आवेदनों का हुआ निराकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नागरिकों की समस्यायों का निराकरण करने के लिए भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 28 नवंबर से प्रारंभ हुए शिविर में अब तक 3292 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शिविर स्थलों में समस्यायों को लेकर लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया है। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर सभी जोन आयुक्त शिविर स्थलों का निरीक्षण कर जायजा ले रहे है। वहीं अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है, जो आवेदक से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्यायों का निराकरण कर रहे है। जो समस्या त्वरित रूप से हल हो सकती है उसका समाधान शीघ्र किया जा रहा है। जन समस्या निवारण शिविर में अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण, राशन



कार्ड, श्रम विभाग पंजीयन मजदूर कार्ड, नया आधार कार्ड एवं सुधार, आयुष्मान कार्ड, नये पट्टा, पट्टा का नवीनीकरण, पट्टे का अवैध खरीदी-बिक्री का भूमि स्वामी हक, पेंशन प्रकरण, विद्युत संधारण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन किया जा सकता है।

इन स्थानो पर लगेगा शिविर

जोन 02 - एरिया में 21.12.2022 को वार्ड 21 कैलाश नगर कुरूद सियान सदन, 22.12.2022 को वार्ड 22 कुरूद बस्ती सांस्कृतिक मंच बाजार चौक, 23.12.2022 को वार्ड 22 कुरूद बस्ती सांस्कृतिक मंच बाजार चौक, 26.12.2022 को वार्ड 22 कुरूद बस्ती सांस्कृतिक मंच बाजार चौक, 27.12.2022 को वार्ड 23 घासीदास नगर दुर्गा मंच, 28.12.2022 को वार्ड 23 घासीदास नगर दुर्गा मंच, 29.12.2022 को वार्ड 23 घासीदास नगर दुर्गा मंच, 30.12.2022 को वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड सियान सदन के सामने, 02.01.2023 को वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड सियान सदन के सामने, 03.01.2023 को वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड सियान सदन के सामने आदि है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950